वर्ष 24, अंक 145, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    बुधवार 24 दिसंबर 2025    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## एमपी से 43 लाख और केरल से 22 लाख...

### एसआईआर के पहले चरण में वोटर लिस्ट से किस राज्य से कितने कटे नाम?



**मध्यप्रदेश**

**इलेक्शन** कमीशन यानी चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्यप्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को जारी किया है. एमपी में 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं. छत्तीसगढ़ में कुल 27 लाख वोटर्स के नाम सूची से हटाए गए हैं. केरल की लिस्ट से 22 लाख नाम हटाए गए हैं. एमपी में जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें 19.19 लाख पुरुष हैं और 23.64 लाख महिलाएं हैं. 8.40 लाख से ज्यादा नामों की मैपिंग नहीं हो सकी है. चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के पहले चरण की लिस्ट जारी की है. इन लिस्ट में एमपी, केरल, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की ड्राफ्ट लिस्ट शामिल हैं. शीतकालीन सत्र में एसआईआर को लेकर विपक्ष ने काफी बवाल किया था. सदन में चुनाव सुधारों की प्रक्रिया पर चर्चा भी देखने को मिली थी.

**चुनाव आयोग पहले इन 7 राज्यों की लिस्ट जारी कर चुका**

चुनाव आयोग इन राज्यों से पहले 7 अन्य राज्यों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुका है. इनमें पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं. इन सभी राज्यों से करीब 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं. तमिलनाडु (97 लाख), गुजरात (70 लाख), बंगाल (58 लाख) वोटरों के नाम हटाए हैं.

**राजनीतिक दल के साथ साझा होगी लिस्ट**

ड्राफ्ट, दावा, आपत्ति की सूची और फाइनल वोटर लिस्ट राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी. साथ ही इसे चुनाव आयोग वेबसाइट पर अपलोड करेगा. यहां एफ्छ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान रहेगा. वोटर्स के रिकॉर्ड अगर मेल नहीं खाते हैं, तो एफ्छ नोटिस जारी कर सकता है.

जांच के बाद ही नाम जोड़ने और हटाने का फैसला लिया जाएगा. बिना सुनवाई किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा।

## जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा सांसदों की होगी पहली बैठक

### नितिन नबीन भी रहेंगे मौजूद



**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों की पहली बैठक मंगलवार को होगी, जिसकी अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन करेंगे। यह बैठक मंगलवार को रात 9 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, बैठक में संसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन की रणनीति को अंतिम रूप देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पार्टी सूत्रों ने बताया, "बैठक का मुख्य उद्देश्य संसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने की रणनीति को अंतिम रूप देना है। आयोजन से संबंधित समन्वय और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा होगी।"

बैठक के दौरान भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का पार्टी के सांसदों से औपचारिक परिचय कराया जाएगा। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ बैठक में शामिल होंगे। सभी भाजपा सांसदों के बैठक में भाग लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री 25 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे। आज की बैठक में समापन समारोह से पहले की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा और चर्चा भी की जाएगी। नबीन आज बिहार में विभिन्न पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेने और कार्यकताओं तथा निर्वाचित प्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए आ रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के बाद यह उनकी पहली बिहार यात्रा है। 45 वर्ष की आयु में नबीन पार्टी में अब तक चुने गए सबसे युवा कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वे बिहार मंत्रिमंडल में सड़क निर्माण मंत्री भी हैं। भाजपा ने 14 दिसंबर को नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया, जो पार्टी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है।

भाजपा सूत्रों के अनुसार, उनका चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन से जुड़ा हुआ है। भाजपा नेतृत्व का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि 2047 तक, जब भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाए, पार्टी के पास एक परिपक्व और अनुभवी नेतृत्व हो। इसी उद्देश्य से पार्टी ने युवा नेताओं को प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया है। इस कदम को पार्टी की संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने और विभिन्न राज्यों की प्रतिभाओं को पहचानने के लिए एक रणनीतिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

## पीएम से मिले नीरज चोपड़ा, पत्नी हिमानी मोर भी रहीं मौजूद, इन मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार, 23 दिसंबर को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास (7) से तस्वीरें साझा कीं, जहां उन्होंने भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर की मेजबानी की। तस्वीरों में प्रधानमंत्री खिलाड़ी के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत करते नजर आए और उन्होंने अपनी पोस्ट में कई विषयों, विशेष रूप से खेल से संबंधित विषयों पर चर्चा का उल्लेख किया।

## उन्नाव रेप केसः कुलदीप सिंह सेंगर को बेल मिलने पर निर्भया की मां बोलीं,

**बिल्कुल भी बेल नहीं मिलनी चाहिए- आशा देवी**



**यूपी**

**यूपी** में 2017 के उन्नाव रेप कांड में सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है. अदालत ने सेंगर की उम्रकैद की सजा पर रोक भी लगा दी है. इसे लेकर निर्भया की मां, आशा देवी ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि यह एक नया रूल बनाया जा रहा है. दूसरे लोग जो जेल में हैं वो भी कहेंगे कि फांसी की सजा हुई तो उसे खत्म करके फिर से सुनवाई की जाए. ऐसा नहीं होना चाहिए. कोर्ट खुद ही मजाक बना रहा है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, "पता नहीं कहां से ऐसे हो रहा है. तो आप 500 किमी दूर रहो या घर पर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है. फर्क इससे पड़ता है कि आपने क्राइम किया है और आपको सजा मिली है. अपील करने का हक दोनों पक्ष को है. कोर्ट को पीड़ित और उसके साथ जो हुआ, उसे ध्यान में रखते हुए इस पर निष्पक्ष सुनवाई करनी चाहिए. बिल्कुल भी बेल नहीं मिलनी चाहिए."

**सरकार और कोर्ट से अपील है कि बेल न मिले- आशा देवी**

उन्होंने आगे कहा, "जो भी अपील की गई है, उस पर सुनवाई हो और उनकी सजा बरकरार रहनी चाहिए क्योंकि उस परिवार को अभी भी खतरा है. उसके भाई मिले थे वो कह रहे थे कि हमारी जो तीन छोटी-छोटी बच्चियां हैं, उसे हम स्कूल नहीं भेज सकते हैं. हम सुरक्षा के अंदर में रहते हैं, जॉब नहीं कर सकते हैं. अगर वो बाहर आ जाएगा ।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा

### गुजरात में 40 लाख से अधिक छात्रों के लिए मुख्यमंत्री पौष्टिक अल्पाहार योजना शुरू



**गुजरात**

**देशभर** में सुशासन के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए, पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती, 25 दिसंबर को "सुशासन दिवस" ??के रूप में मनाया जाता है। इन्हीं सिद्धांतों से प्रेरित होकर, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार ने नागरिकों के सर्वांगीण कल्याण के उद्देश्य से कई पहलें शुरू की हैं। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण पहल है मुख्यमंत्री पौष्टिक अल्पहार योजना, जो पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करके बच्चों की शिक्षा को सशक्त बनाती है। वर्तमान में, गुजरात भर में 4 लाख से अधिक छात्र इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ पोषण के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में दोपहर के भोजन के साथ-साथ यह पहल ताजा और पौष्टिक नाश्ता प्रदान करती है। इसके परिणामस्वरूप, सरकारी स्कूलों में छात्रों की रुचि बढ़ी है और उनके पोषण स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि सरकारी स्कूलों में आधुनिक कक्षाओं, पीने के पानी, बिजली, शौचालय, स्वच्छता और परिवहन सहित आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध हों।

अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य में समग्र विकास सुनिश्चित करने और सुशासन को मजबूत करने वाली कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके सुशासन, सेवा और विकास के नए मानदंड स्थापित किए हैं।

## 11 साल की उपेक्षा ने राजधानी को आपात स्थिति में पहुँचाया



**नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली एक बार फिर दम घोंटू हवा के शिकंजे में है। 27 निगरानी स्टेशनों पर एक्यूआई 400 के पार पहुंच चुका है और कई इलाकों में हालात बेहद गंभीर हैं। आनंद विहार, नेहरू नगर, ओखला, मुंडका और सिरीफोर्ट जैसे क्षेत्र सांस लेना तक मुश्किल कर रहे हैं। घना कोहरा, ठहरी हवा और गिरता तापमान मिलकर प्रदूषण को और खतरनाक बना रहे हैं। इसी बीच उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 पन्नों का लंबा पत्र लिखकर राजधानी की जहरीली हवा के लिए उनकी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। पत्र में आरोप है कि 11 साल की उपेक्षा और आपराधिक निष्क्रियता ने दिल्ली को इस आपात स्थिति तक पहुंचाया। यह पत्राचार ऐसे समय आया है जब दिल्ली में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार चला रही हैं।

देखा जाये तो दिल्ली की हवा आज जिस मुकाम पर है, वहां बहानेबाजी की गुंजाइश खत्म हो चुकी है। उपराज्यपाल और केजरीवाल के बीच हुआ यह पत्राचार सिर्फ राजनीतिक कटाक्ष नहीं, बल्कि एक कड़वा सच है जिसे सत्ता में रहे हर चेहरे को स्वीकार करना होगा। 11 साल बनाम 11 महीने की बहस से जनता का दम नहीं लौटेगा। सवाल यह है कि जिम्मेदारी कौन लेगा और कब। केजरीवाल सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रदूषण पर आक्रामक कार्रवाई के वादे किए थे लेकिन किया कुछ नहीं।

## पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराएगा

### नितिन नबीन ने राहुल गांधी को बताया पार्ट टाइम पॉलिटिशियन, बोले- राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं



**बिहार**

**भाजपा** के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पार्ट टाइम राजनेता बताया, जो केवल चुनाव के दौरान ही राज्य दौरे पर आते हैं। राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद बिहार के अपने पहले दौरे पर नितिन ने कहा कि राहुल गांधी जैसे अंशकालिक राजनीतिक नेता चुनाव के दौरान बिहार आते हैं और चुनाव खत्म होते ही विदेश चले जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं होता। दीर्घकालिक सफलता के लिए धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ काम करना पड़ता है। हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और बिहार का विकास करेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मंगलवार को पटना में रोड शो का नेतृत्व किया। नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की हालिया यात्रा के दौरान भारत का अपमान किया। पार्टी के एक नेता ने बताया कि रोड शो पटना हवाई अड्डे के पास अरण्य भवन से शुरू हुआ और बिरचंद पटेल मार्ग पर स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय के नजदीक मिलर हाई स्कूल के मैदान में समाप्त हुआ। नबीन एक फूल से सजी गाड़ी पर खड़े थे, जिस पर भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल के कटआउट लगे थे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी भी थे।

नवीन ने कहा कि पाटलीपुत्र की इस भूमि ने हमेशा नई ऊर्जा को नई क्रांति दी है। आज उस पर पार्टी ने और हमारे नेता लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हमारे गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित हमारे सभी शीर्ष नेतृत्व ने जो बिहार पर भरोसा किया है, मुझ पर भरोसा किया है, मैं सर्वप्रथम पूरे शीर्ष नेतृत्व को इस मंच से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि आज के इस व्यापक कार्यक्रम के लिए एक-एक कार्यकर्ता को मैं तहेदिल से प्रणाम करता हूं, आप सभी को नमन करता हूं। आप लोगों ने बिहार को प्रचंड जीत दी है और पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के करिश्माई नेतृत्व ने जो परचम लहराया, उस जीत के प्रकाश से बिहार आगे बढ़ रहा है। इस जीत का ही नतीजा है कि जो अभी अन्य राज्यों में चुनाव हुए हैं, चाहे महाराष्ट्र का चुनाव हो, चाहे अरुणाचल का चुनाव हो, गोवा का चुनाव हो... उन सभी चुनावों में भाजपा का परचम लहरा रहा है।

## सीट शेयरिंग को लेकर फडणवीस- शिंदे की ताबड़तोड़ बैठक



**महाराष्ट्र**

**अगले** साल जनवरी में महाराष्ट्र नगर निगम (बीएमसी सहित) के चुनाव नजदीक आने के साथ ही, प्रमुख शहरी केंद्रों, विशेष रूप से पुणे, पिंपरी चिंचवड और मुंबई में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रमुख दलों के बीच गुप्त वाताएं, गठबंधन वाताएं और सीट बंटवारे पर चचाएं चल रही हैं, जो अप्रत्याशित राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की संभावना का संकेत दे रही हैं। चुनाव 15 जनवरी, 2026 को होंगे और मतगणना 17 जनवरी को शुरू होगी। पुणे इन घटनाक्रमों का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है, जहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों ने नगर निगम चुनावों में एक साथ आने की इच्छा जताई है। अजीत पवार और शरद पवार गुटों के नेताओं के बीच बैठकें हो चुकी हैं, जिससे पुणे और पिंपरी चिंचवड नगर निगमों में संयुक्त चुनावी रणनीति की संभावना बढ़ गई है। जल्द ही आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है।

**पुणे में एनसीपी के संभावित पुनर्मिलन**

सूत्रों के अनुसार, एनसीपी के दोनों गुटों के बीच बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ी है और पुणे एवं पिंपरी चिंचवड नगर निगम चुनाव संयुक्त रूप से लड़ने की दिशा में गति बढ़ रही है। पार्टी विभाजन के बाद यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव होगा और स्थानीय राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप दे सकता है। पुणे में भाजपा विरोधी एक व्यापक मोर्चे पर भी समानांतर विचार-विमर्श चल रहा है, जिसमें महा विकास अघाड़ी, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, अजीत पवार ने शहर में कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन की संभावना तलाशने के लिए कांग्रेस नेता सतेज पाटिल से बात की।

हालांकि, फिलहाल ये बातचीत आगे नहीं बढ़ी है। शरद पवार गुट अभी भी इस बात पर विचार कर रहा है कि वह शिवसेना यूबीटी या कांग्रेस के साथ गठबंधन करे। सुप्रिया सुले और अन्य वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आज मुंबई में होने की उम्मीद है, जहां अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

## मनरेगा के मूल उद्देश्य को कमजोर कर रहा केंद्र, किसान मजदूर संघर्ष समिति ने लगाए आरोप



**नई दिल्ली**

किसान मजदूर संघर्ष समिति (केएमएससी) के नेता सतनाम सिंह पन्नू ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को कमजोर किया जा रहा है और ग्रामीण एवं श्रमिक वर्ग के परिवारों के लिए आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मूल उद्देश्य से भटकाया जा रहा है। पन्नू ने कहा कि 2005 में शुरू होने के बाद से एमजीएनआरईजीए एक अधिकार-आधारित कार्यक्रम के रूप में कार्य करता रहा है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा किए गए हालिया परिवर्तनों ने इसकी संरचना को बदल दिया है। उन्होंने देश भर में जारी किए गए 26 करोड़ जॉब कार्डों के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला दिया, जिनमें से 12 करोड़ लाभार्थियों को लाभ मिला है। पंजाब में 20 लाख जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें से 11 लाख श्रमिकों को रोजगार मिला है। पन्नू ने कहा कि देश भर में इस योजना के तहत लगभग 26 करोड़ जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 12 करोड़ लाभार्थियों को रोजगार मिला है। अकेले पंजाब में ही लगभग 20 लाख जॉब कार्ड जारी किए गए हैं और लगभग 11 लाख श्रमिकों को एमजीएनआरईजीए के तहत काम मिल रहा है।

# तालियों और मुस्कानों के बीच शुरू हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, नन्हे खिलाड़ियों ने बांधा समां

अखंड भारत संदेश






**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पूरे उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर की गई, जिसके बाद खेल महोत्सव का औपचारिक आगाज हुआ।प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दौड़, गेंद फेंक, बैलेंस रेस, चम्मच-गोटी दौड़ एवं म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की फुर्ती, आत्मविश्वास और मासूम मुस्कान ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशेषकर म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का उत्साह और उल्लास पूरे माहौल को जीवंत बना गया।इस अवसर पर प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण में प्राइमरी वर्ग के बच्चों के खेल आयोजित किए जा रहे हैं, जो दो दिनों तक चलेंगे। इसके पश्चात जूनियर एवं हाई स्कूल वर्ग के विद्यार्थियों की खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू होंगी, जो 27 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट, बच्चों की खिलखिलाहट और खेल भावना से गूंज उठा। इस अवसर पर सत्येंद्र द्विवेदी, सुशांत वर्मा, इशिका पांडे, अनुराग तिवारी, नीतू सिंह, मासुमा, कामना गुप्ता, रियांशी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चोरी के मामले में पुलिस एसओजी की संयुक्त टीम व एसटीएफ की टीम भी जाँच में जुटी

**थरवई।** बीते दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र थरवई के कटियाही मुहम्मदपुर गांव में बड़ी चोरी हुई जिसको लेकर पुलिस, एसोजी प्रयागराज व गंगानगर सर्विलांस की टीमें जांच में जुटी हैं मामले की छानबीन में एसटीएफ टीम भी जुट गई हैं। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत एवं एसीपी थरवई अरुण पाराशर सोमवार को भी घटित घटना स्थल पर पहुंचकर मामले को गंभीरता के साथ हर पहलुओं से जाँच पड़ताल में जुटे रहे। वहीं मंगलवार को एस टी एफ की टीमें भी लगाई गईं हैं जिससे जल्द से जल्द अपराधियों तक पहुंचा जा सके। एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने बताया की मामले की छानबीन की जा रही है जल्द ही घटना को कारित करने वाले अपराधी होंगे पुलिस की गिरफ्त में।

# संस्कृति सृजन अकादमी में वार्षिक खेल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया








अखंड भारत संदेश

**जारी।** आज कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम गणेश वंदना से किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण, सरस्वती पूजन एवं गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर ध्वज को सलामी दी गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता सिंघल जी ने पधारे हुए मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

प्री-प्राइमरी (नर्सरी से यूकेजी) के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ह्लबम बम बोले , जय होह्व पर नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इसके साथ ही लिटिल स्टार, सुपर फादर, पैरेंट्सझ्रचाइल्ड बैलेंस, कलेक्ट एंड रन, लेमन फन, रिंग एंड बैलेंस द बॉल आदि खेलों में भाग लेकर दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा एक के विद्यार्थियों ने मास पी.टी., बैलून रेस, वेजिटेबल रेस एवं 100 मीटर दौड़ में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कक्षा दो के बच्चों ने कव्वाली के माध्यम से विद्यार्थी जीवन एवं बालपन की समस्याओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया तथा प्रोग्रेस बैलेंस रेस जैसे खेलों में भाग लिया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने भगवान शिव की योग-माया पर आधारित सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया और खेल दिवस को सफल बनाने हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही 200 मीटर रेस में प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने आदिवासियों के जीवन-वृत्तांत को निखारते हुए एक अप्रतिम प्रस्तुति दी हार्डरिल रेस एवं लेगटाई रेस की मनमोहक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। कक्षा पाँच एवं छह के विद्यार्थियों ने राजस्थान की झांकी प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को उभारा। इसके अतिरिक्त बच्चों ने रिले रेस में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा सात एवं आठ के छात्रों ने अपने नृत्य के माध्यम से असम की संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा नौ की छात्राओं ने उत्तराखंड की झलक को अपनी अनुपम प्रस्तुति द्वारा जीवंत कर दिया। कक्षा छह से नौ तक के विद्यार्थियों ने 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, स्लो साइकिल रेस तथा खो-खो खेल में भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में टग ऑफ वॉर का आयोजन विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं कार्यालय स्टाफ के साथ किया गया।

कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधक डॉ. बी. अग्रवाल एवं डॉ. सविता अग्रवाल ने विद्यार्थियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा हमारे बच्चों को अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता सिंघल के धन्यवाद ज्ञापन, पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रगान के साथ गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर श्रीमती इस्मा मैम तथा कक्षा नौ के छात्र अनुज सोनी एवं छात्रा अनुज्ञा सिंह द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

विद्यालय के कार्यक्रम का संरक्षण विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर श्री अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कार्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सुगम एवं सफल रहा।

# 2027 में करछना का भावी विधायक पीडीए का होगा : पप्पू लाल निषाद

अखंड भारत संदेश



**करछना।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र करछना के ग्राम फत्तेपुर के चक मिश्रान में समाजवादी पार्टी के जिला सचिव शहबाज हक के आवास के सामने बूथ लेवल एजेंट एवं एसआईआर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी पप्पू लाल निषाद रहे। विधानसभा द्वारा आयोजित बैठक में संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से आए हुए बीएलए समूह से समीक्षा की गई तथा यह पाया गया कि जो भी मतदान केंद्र के बीएलओ अभी तक सूची उपलब्ध नहीं कराए हैं पार्टी के बीएलए को सूची उपलब्ध कराकर उनसे हस्ताक्षर कराएं तथा छूटे हुए नाम, मृतक एवं विस्थापित मतदाताओं के बारे में आगामी 25 दिसंबर तक फॉर्म भर कर पूर्ण कर लें। जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि करछना विधानसभा क्षेत्र समाजवादियों का गढ़ रहा है आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में पीडीए मतदाताओं की भारी संख्या है। अतः विधानसभा क्षेत्र में भावी विधायक का दायित्व पीडीए परिवार को सौंपा जाए। यदि क्षेत्र के पीडीए परिवार जिसमें पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक तथा समाज का सर्वहारा वर्ग जो हमेशा से उपेक्षित रहा, को मिलकर पूरी विधानसभा पीडीए बाहुल्य क्षेत्र है तथा पिछला लोकसभा चुनाव पीडीए के बल पर जीता गया जो इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने कहा कि करछना में 352 बूथ हैं जिसमें लगभग सभी बीएलए मिलकर काफी मतदाताओं को जोड़ा है यदि किसी प्रकार से कोई कमी रह गई है तथा जिन मतदाताओं का नाम अभी नहीं जुड़ा है उसमें युवा मतदाताओं को हर हाल में जोड़ा जाए। जिससे 2027 का हमारा सरकार बनाने का लक्ष्य पूरा हो सके। चुनाव प्रभारी बब्बन दुबे ने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार दलितों पिछड़ों तथा सर्वहारा वर्ग की हक के साथ खुला खिलवाड़ कर रही है 69000 शिक्षकों की भर्ती तथा लेखपाल भर्ती में आरक्षण से पिछड़ों को अलग करना इस सरकार की पिछड़ों के साथ नाइंसाफी जग जाहिर है। कार्यक्रम को अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी, इंजी0 जगदीश यादव, छोटेलाल शर्मा, रमाकांत यादव, नीरेंद्र सिंह यादव, महेंद्र सरोज, मानसिंह पटेल, डॉ उमेश चंद्र, विमल किशोर निषाद, राजेश यादव, रामसेन यादव, मोहित यादव, विधानसभा सचिव उमेश यादव, नीरज शर्मा, मोहम्मद मुजफ्फर, शाहिद, सोहनलाल, श्याम बिहारी, उमा शिव, विजय बहादुर पाल, प्रकाश विश्वकर्मा, रोशन लाल प्रजापति, सदानंद कुशवाहा सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कमलेश पुष्कर तथा कार्यक्रम की मुख्य संयोजक जिला सचिव शहबाज हक ने आए हुए अतिथियों तथा एसआईआर समीक्षा मे अपना सहयोग देने वाले बीएलए को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पड़ने लगी ठिठुरने वाली सर्दी, सर्द हवाओं का जोर बढ़ा, पारा और गिरने के आसार

**प्रयागराज।** पड़ने लगी ठिठुरने वाली सर्दी, और आसपास के जिलों में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। सर्द हवाओं के तेज होने के साथ ही तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जबकि दिन में भी सूरज पूरी तरह नहीं निकल सका। ठंडी हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और ठिठुरन का एहसास दिनभर बना रहा।मौसम विभाग के अनुसार रविवार से लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं, जिसका असर पूरे क्षेत्र के मौसम पर साफ दिखेगा। इन विक्षोभों के प्रभाव से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले दिनों में सर्दी का प्रकोप और बढ़ सकता है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि प्रयागराज, कौशाम्बी और फतेहपुर जिलों में शीतलहर प्रभावी हो सकती है। इन इलाकों में तापमान सामान्य से नीचे जाने के साथ शीत दिवस की स्थिति भी बन सकती है। प्रतापगढ़ जिले में घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है, जिससे सुबह और देर रात दृश्यता प्रभावित हो सकती है। दिनभर सूरज के दर्शन नहीं हुए। जिससे ठंड का असर कम नहीं हो सका। सर्द हवाएं चलने के कारण बाजारों और सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। मौसम विज्ञानी प्रो. एच.एन. मिश्रा के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के पूरी तरह प्रभावी होने तक तापमान में गिरावट जारी रह सकती है। उन्होंने बताया कि ठंडी हवाओं और नमी के कारण कोहरे की स्थिति बनी रहेगी और सुबह के समय विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, सुबह-शाम अनावश्यक बाहर निकलने से बचने और वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। आने वाले कुछ दिनों तक प्रयागराज समेत आसपास के जिलों में सर्दी और कोहरे का असर बना रहने के आसार हैं।

# 18 वर्ष बाद भी अधिग्रहित भूमि पर नहीं लगा पावर प्लांट, किसानों का आक्रोश फूटा



**करछना, प्रयागराज।** करछना पावर प्रोजेक्ट के नाम पर करीब 18 वर्ष पूर्व अधिग्रहित की गई भूमि पर आज तक कोई निर्माण कार्य न होना सरकार और प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। मंगलवार को प्रयागराज समाज उत्थान समिति कचरी करछना प्रयागराज के प्रबंधक व समाजसेवी डॉक्टर कुलभूषण सिंह पटेल के नेतृत्व में प्रभावित काश्तकारों और ग्राम प्रधानों ने उप जिलाधिकारी करछना को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर अपना तीखा विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में साफ कहा गया कि वर्षों पहले किसानों से छीनी गई भूमि न तो वापस की गई और न ही उस पर पावर प्लांट स्थापित हुआ। इससे सैकड़ों किसान आजीविका के संकट से जूझ रहे हैं और भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार भूमि लौटाने में असफल रहती है तो किसानों की सहमति से नए सिरे से अधिग्रहण कर वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाए। काश्तकारों ने आरोप लगाया कि अधिग्रहित भूमि के कारण आसपास की खेती योग्य जमीन भी बर्बाद हो रही है। आवारा पशु, नीलगाय और जंगली सुअर किसानों की फसलों को तबाह कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। किसानों ने स्पष्ट किया कि अधिग्रहित भूमि पर पावर प्रोजेक्ट के अलावा कोई अन्य योजना लागू न की जाए और यदि परियोजना शुरू होती है तो प्रभावित काश्तकारों अथवा उनके आश्रितों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि पावर प्रोजेक्ट स्थापित होने की स्थिति में शासनादेशानुसार सभी सुविधाएं अनिवार्य रूप से दी जाएं। समाज उत्थान समिति के संरक्षक शिव बहादुर पटेल और पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष करछना कृष्ण मुरारी पांडेय सहित कई किसानों ने सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। किसानों ने दो टूक कहा–या तो भूमि लौटाओ, नहीं तो मौजूदा दर से पूरा मुआवजा दो।

# कौंधियारा पुलिस की हिस्ट्रीशीटर परिवार से दोस्ती, बर्थडे मनाने पहुंचे पांच दरोगा



**कौंधियारा।** स्थानीय थाने की पुलिस पर अक्सर अपराधियों के साथ मिली भगत के आरोप लगते रहे हैं, अभी हाल में ही एक मामला सामने आया है हिस्ट्रीशीटर के घर पर देर रात कौधियारा थाने में तैनात चार वर्तमान एवं एक पूर्व दरोगा सहित कुल पांच दरोगा हिस्ट्रीशीटर के भतीजे एवं मोदी को काला झंडा दिखाने वाले हिस्ट्रीशीटर के चचेरे भाई सुशांत का जन्मदिन मनाने पहुंचे थे। जिसकी क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है।

शैलेश कुमार के द्वारा आरटीआई से मांगी गई सूचना के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टिकरी निवासी रंगनाथ पांडेय कौंधियारा थाने का हिस्ट्रीशीटर है जिस पर कुल बारह मुकदमे दर्ज हैं।भाई भोलानाथ पांडेय पर छः मुकदमे दर्ज हैं। बेटा मोहित पांडेय भी कौंधियारा थाने का हिस्ट्रीशीटर है एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 18 दिसंबर 2018 को काला झंडा दिखाया था, उस पर भी पांच मुकदमे दर्ज हैं। दूसरे बेटा रोहित पांडेय पर भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। भतीजे प्रशांत व सुशांत का भी आपराधिक इतिहास है दोनों पर तीन तीन-मुकदमे कौंधियारा थाने में दर्ज हैं। लेकिन कौंधियारा पुलिस की हिस्ट्रीशीटर के बेटे रोहित पांडेय व भतीजे सुशांत पांडेय से गहरी दोस्ती है दोनों का पुलिस के साथ उठना बैठना है, यही कारण है कि हाल में ही कौंधियारा के दरोगा नरेश, अवशेष, अभय, गुलाब एवं मनीष जो पूर्व में कौंधियारा में नियुक्त थे देर रात सुशांत पांडेय का जन्मदिन मनाने उसके घर टिकरी पहुंच गए। जन्मदिन मनाने की तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई तो हिस्ट्रीशीटर एवं अपराधिक परिवार के साथ कौंधियारा पुलिस से दोस्ती की खूब चर्चा हो रही है।

## न्यूज झरोखा

### शिक्षकों ने बच्चों को निपुण बनाने का लिया संकल्प



**मऊआइमा।** न्याय पंचायत मंहरौंडा के उच्च प्राथमिक विद्यालय हरखपुर में शासन के आदेशानुसार मासिक शिक्षक संकुल की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ए आर पी (गणित)ज्ञानेन्दु सिंह ने बताया कि बैठक का उद्देश्य नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को साझा करना और समयबद्ध रूप में निपुण लक्ष्य की संप्राप्ति है ।बैठक में शिक्षक संकुल मधु एवं वैशाली द्वारा विज्ञान टीएम पर चर्चा की गई एवं एसटीईएम पर जानकारी साझा की गई बैठक में अजीत,पूनम, श्वेता,अंजू, रीता,रेखा ,नीलम आदि शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि बी आर सी हरिसेनगंज में 'हमारे आंगन हमारे बच्चे 'कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें बाल वाटिका माडल लर्निंग कार्नर की जानकारी साझा की जिएगी।

### ठंड से राहत के लिए समाज सेवी ने गरीबों में बाटे कंबल



**करछना।** जनपद जमुनापार क्षेत्र रामपुर स्थित जीवन दीप हॉस्पिटल के निदेशक व संगम समाज सेवा समिति रामपुर करछना के तत्वाधान जीवन दीप हॉस्पिटल रामपुर में डॉ गुलाम मुस्तफा उर्फ. लाल मियां के सौजन्य से करीब 500 लोगों को वितरण किया गया इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय राज सिंह करछना मौजूद रहे डॉ लालमिया हमेशा लोगों की मदद करते रहते है हर मौके पर लोगों की सेवा करते रहते हैं इस मौके पर एड्वोकेट शहजादुल हक, डॉ अफजल, अनिल यादव,केशव विक्रम, कन्हैया लाल पाल, कमरुल बृजेश यादव फैसल आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्र की बाइक से महिला को टक्कर, पैर टूटा



**मांडा।** क्षेत्र के तिसेन तुलापुर गांव में एक छात्र की बाइक से टक्कर लगने से 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का दाहिना पैर टूट गया है और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद बाइक सवार छात्र मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, तिसेन तुलापुर गांव निवासी भृगु नाथ शुक्ला की पत्नी विजयी देवी (55) अपने घर के दरवाजे से सुबह लगभग ग्यारह बजे सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान परीक्षा केंद्र पर जा रहे एक छात्र ने अपनी बाइक से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विजयी देवी का दाहिना पैर टूट गया और उनकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने तत्काल उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की हत्या पर उग्रसेनपुर में विरोध प्रदर्शन



**जंघई।** बांग्लादेश में हुए दलित नवयुवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार को उग्रसेनपुर परशुराम तिराहे से श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई। यात्रा के उपर कुछ लोगों ने पथराव भी किया जिसके कारण लोग आक्रोशित होकर पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों के अनुसार यात्रा में चल रहे डीजे से दूसरे पक्ष का झंडा टकरा गया तो उन लोगो से वाद विवाद हो गया और उन लोगो ने पथराव शुरू कर दिया मौके पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। लोगों ने कहा कि भारी पथराव निश्चित रूप से बहुत दुःखद व निंदनीय है, प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह कि शीघ्र कठोरतम कार्यवाही करें। बांग्लादेश के मयमनसिंह के भालुका इलाके में ईशनिंदा के आरोप में 25 वर्षीय फैक्ट्री कर्मचारी दीपू चंद्र दास की पीट–पीटकर हत्या करने के मामले में अधिकारियों ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया है प्रशासन ने यह कार्रवाई हत्या के दो दिन बाद की है। इस घटना में भीड़ ने दीपू की हत्या कर उसके शव को एक मुख्य मार्ग पर पेड़ से लटकाकर आग लगा दी थी और घटना का लाइव प्रसारण भी किया था।मयमनसिंह रैपिड एक्शन बटालियन (रैब) के कार्यालय ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए 10 लोगों में से सात को उसने और तीन अन्य को पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर पकड़ा है।

### हृदयाघात से युवा व्यवसायी की मौत, परिजनों का रो-रो कर है बुरा हाल



**सहसों।** सहसों बाजार निवासी युवा व्यवसायी नवीन सोनी (35) वर्ष पुत्र स्वर्गीय राजेश सोनी बाजार मार्ग पर अपने ही घर में सोनी प्रिंटिंग प्रेस खोलकर छपाई का काम करते थे। सोमवार की रात बगल में देवी जागरण कार्यक्रम था। नवीन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर पर आकर सो गए। मंगलवार सुबह दिन में 10 बजे उनको कुछ दिक्कत महसूस होने पर शौच के लिए चले गए। काफी देर तक बेटे को नहीं देखने पर उनकी माता किरन सोनी को कुछ शंका हुआ। करीब 12 बजे शौचालय का दरवाजा बंद व लाइट जलती हुई देखकर दरवाजा को खटखटाया परंतु कोई आवाज नहीं आने पर शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने पहुंचकर किसी तरह दरवाजे को खोला तो देखा वह अचेत अवस्था में शौचालय के अंदर पड़े हुए थे। आनन फानन में परिजन उसे लेकर स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माता किरन सोनी के अनुसार रात में देवी जागरण में शामिल होने पर बेटे को संभवतः ठंढ लग गई। जिसके कारण हृदयघात हो जाने से मौत हुई है। मृतक नवीन सोनी की पत्नी जयंती सोनी एक दिन पहले अपने दो छोटे–छोटे बेटों व एक बेटी के साथ फाफामऊ मायके गई हुई थीं। जानकारी होते ही वह भी बच्चों के साथ रोते बिलखते हुए घर पर पहुंच गई। घटना से पत्नी एवं बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। नवीन सोनी की अचानक निधन से मुहल्ले में गमगीन का माहौल है।

### बाल विवाह मुक्त भारत की दिलाई गई शपथ



**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में प्रगति ग्रामोद्योग समाज कल्याण संस्थान प्रयागराज के तत्वाधान में बाल विवाह मुक्त भारत मिशन के तहत सभी छात्रों को जागरूक किया गया तथा उन्हें शपथ भी दिलाया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य कुलभूषण मिश्र ने कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक समन्वयक रवींद्र श्रीवास्तव का स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जिससे पूरे समाज को क्षति पहुंचती है। हमारे देश में ऐसी कुप्रथाओं के लिए बिल्कुल स्थान नहीं होना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक राजेश द्विवेदी, अचलेंद्र जायसवाल,राकेश श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, रितेश प्रजापति, राम–लखन प्रजापति के साथ ही विद्यालय के सैकड़ो छात्र मौजूद रहे।

### हरकेश सिंह ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, क्ए्र परीक्षा में ऑल इंडिया में 68वीं रैंक की हांसिल



**सहसों।** क्षेत्र के बबुराही का पूरा गांव निवासी अजय सिंह के पुत्र हरकेश सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा आयोजित भारतीय अभियंता सेवा (क्ए्र) परीक्षा में ऑल इंडिया में 68वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। हरकेश सिंह की इस उपलब्धि पर उनकी माता विमला सिंह, भाई बृजेश सिंह सहित अन्य परिजन गर्व महसूस कर रहे हैं। वहीं गांव और आसपास क्षेत्र के लोगों ने भी उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कृषक ही राष्ट्र की रीढ़, योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक : जिलाधिकारी

**किसान सम्मान दिवस पर 26 प्रगतिशील कृषक सम्मानित**

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व० चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी प्रयागराज ने की, जबकि भारतीय जनता पार्टी गंगापार जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर जनपद के कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 महिला एवं पुरुष प्रगतिशील कृषकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्रम एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में ?7000 तथा द्वितीय पुरस्कार के रूप में ?5000 की धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्व० चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे मसीहा थे। भूमि सुधार, जमींदारी उन्मूलन और किसानों को भूमि का अधिकार दिलाने में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों तक पहुँचाया जा रहा है। जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने तथा सभी कृषकों से अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की। संयुक्त कृषि निदेशक संतोष कुमार राय ने चौधरी चरण सिंह के जीवन एवं किसान हितैषी कार्यों पर प्रकाश डाला और विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाने का आह्वान किया। उप कृषि निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कृषकों की उपलब्धियों को प्रेरणास्त्रोत बताया।

इस अवसर पर शिप्रा,उप निदेशक (कृषि) प्रयागराज मण्डल, के.के. सिंह, जिला कृषि अधिकारी, मुकेश कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, विकास मिश्रा अपर जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, अपर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई बेलन, अधिशासी अभियन्ता विद्युत एवं जल निगम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में मृदा परीक्षण, रबी फसल प्रबंधन एवं विभागीय योजनाओं पर जानकारी दी गई। अंत में जिला कृषि अधिकारी के.के. सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किसान सम्मान दिवस का समापन किया गया।

# संगम किनारे खड़ी दो नावें फूंकी पेट्रोल छिड़क कर लगाया आग

**प्रयागराज।** संगम किनारे खड़ी दो नावें फूंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दोनों नावों को पहले बहाकर छतनाग की ओर ले जाया गया। इसके बाद पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी गई। पूरी तरह जलने से पहले ही दोनों नावों को नदी में डुबो दिया गया। खोजबीन के दौरान गोताखोरों ने दोनों नावों को बाहर निकाला। नाव मालिक ने दारागंज थाने में तहरीर दी है।

**सात दिसंबर की घटना**

पिन्टू निषाद नई बस्ती कीडगंज का रहने वाला है। उसने बताया, मैं धूस्सा घाट व संगम नोज से नाव चलाने व चलवाने का काम करता हूं। रोज की तरह सात दिसंबर की शाम पांच बजे भी दो नावों को धुस्सा घाट और संगम नोज के बीच में बांधकर घर चला गया।अगली सुबह 8:00 बजे घाट पर पहुंचा तो देखा कि नावें गायब थीं। खोजबीन के दौरान ही पता चला कि रात एक बजे के करीब नदी में तैर रही दो नावें जलती हुई छतनाग घाट के पास देखी गई थीं। कुछ देर बाद वह टॉवर के थोड़ा आगे जाकर डूब गई।

**17 व 19 दिसंबर को नदी में डूबी मिलीं**

सूचना देने के बाद जल पुलिस, प्राइवेट गोताखोर तलाश में जुटे। 17 दिसंबर को एक और 19 दिसंबर को दूसरी नाव अधजली हालत में नीबी व छतनाग के बीच नदी में डूबी मिली। इसके बाद दोनों नावों को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया।

**दो लोग डोंगी पर सवार होकर नावें ले जाते दिखे**

पिंटू का कहना है कि लोगों से बातचीत के दौरान ही एक मोबाइल वीडियो मिला। इसमें दो लोग डोंगी पर सवार होकर जली हुई नाव खींचकर ले जाते दिखाई दिए हैं। फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि वह कौन लोग हैं। पीड़त के मुताबिक, उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। ऐसे में समझ नहीं आ रहा कि यह किसने किया।

**पुलिस जांच में जुटी**

दारागंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा का कहना है कि मामले में जांच पड़ताल कराई जा रही है। फिलहाल पीड़ित ने किसी पर शक नहीं जताया है।

## न्यूज झरोखा

### मांडा में दो न्याय पंचायतों के सुपरवाइजर लापता

**मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर ग्रामीण परेशान, अधिकारी भी बेखबर**

**मांडा।** मांडा विकास खंड में मतदाता सूची अपडेट करने का काम प्रभावित हो रहा है। यहां हाटा और मझीगवा न्याय पंचायतों में नियुक्त सुपरवाइजरों का अभी तक कोई अता-पता नहीं है, जिससे मतदाता परेशान हैं। ग्रामीण अपना नाम जुड़वाने या हटवाने के लिए सुपरवाइजरों की तलाश कर रहे हैं। मांडा विकास खंड में कुल 69 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से दर्जनों ग्राम पंचायतें और ये दोनों न्याय पंचायतें कोरांव विधानसभा क्षेत्र में आती हैं। विधानसभा और पंचायत चुनावों के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर नियुक्त किए गए थे। इनका काम मतदाता सूची में नाम जोड़ना, मृतकों के नाम हटाना और पलायन कर चुके मतदाताओं की जानकारी निर्वाचन अधिकारी को देना है। इन न्याय पंचायतों के गांवों में तैनात सुपरवाइजरों ने अभी तक दौरा नहीं किया है। मतदाता समय पर अपना नाम जुड़वा सकें, इसके लिए वे सुपरवाइजरों को ढूंढ रहे हैं। जब मतदाताओं ने राजस्व विभाग के लेखपाल अभय राज से जानकारी मांगी, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया और निर्वाचन से संबंधित बाबू आर. के. का नाम बताया, जो जिले की बैठक में शामिल थे। लेखपाल ने मांडा ब्लॉक से मिली मौखिक जानकारी के आधार पर बताया कि राम सकल और संजीव कुमार सुपरवाइजर का काम देख रहे हैं। हालांकि, जब मांडा विकास खंड में तैनात सचिव राम सकल और संजीव कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यदि उन्हें दक्षिणांचल कोरांव क्षेत्र की इन न्याय पंचायतों में सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त किया गया है, तो उन्हें काम करने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन इसके लिए उन्हें नियुक्ति पत्र मिलना चाहिए।

### मांडा पावर हाउस पर बिजली बिल कैंप का आयोजन

**उपभोक्ताओं को ब्याज व मूलधन पर मिल रही छूट:-एसडीओ**

**मांडा।** जिले के मांडा क्षेत्र में स्थित मांडा रोड पावर हाउस पर इन दिनों बिजली बिल मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में क्षेत्र के बकाया बिजली बिलों का शुद्धिकरण किया जा रहा है और ब्याज पर भारी छूट दी जा रही है। मांडा पावर हाउस के एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल पर ब्याज लगा है, उन्हें पूरी छूट दी जा रही है। इसके साथ ही, मूलधन में भी 25% की छूट प्रदान की जा रही है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को अपना बिल जमा कर उसे शुद्ध करने में मदद करना है। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है, जिसका लाभ उपभोक्ता उठा रहे हैं। वही जेई मांडा नमो राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार समय-समय पर अपने उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर लगे ब्याज में छूट देकर राहत प्रदान करती है। वर्तमान में चल रही इस योजना का अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभउठाना चाहिए।

### विस्तर में आग लगने से वृद्ध महिला की हुई मौत

**ठंड से बचने के लिए जलाई थी आग बनी मौत**

**नैनी।** प्रयागराज के औद्योगिक क्षेत्र में ठंड से आग ताप रही एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की बिस्तर में आग लगने से मौत हो गई। महिला घर में अकेली थी और आग लगने के बाद खुद को बचा नहीं पाईं। यह घटना औद्योगिक क्षेत्र के गोती गांव की है। मृतक महिला की पहचान राम सवारी, पत्नी स्व. जगपत के रूप में हुई है। वह ठंड से बचने के लिए अपने बिस्तर के पास आग जलाकर ताप रही थीं। इसी दौरान अचानक बिस्तर में आग लग गई। वृद्धावस्था के कारण राम सवारी न तो आग बुझा पाईं और न ही वहां से भाग सकीं। आग पूरे घर में फैल गई और उनके शरीर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतका के पुत्र लल्ला यादव ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में तहरीर दी है। उन्होंने अपनी माता के शव का पोस्टमार्टम कराने और उचित न्याय की मांग की है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी विपिन कुमार पाल ने बताया कि शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### श्रीराम जानकी मंदिर जंघई कुटी पर श्रीराम कथा का आयोजन 24 दिसंबर से

**जंघई।** श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर श्रीराम जानकी मंदिर जंघई कुटी प्रांगण में श्रीराम कथा का आयोजन 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक कथा व्यास आचार्य संदीप शास्त्री के मुखारविंद से किया जाएगा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से समस्त कार्यक्रम महंथ चंद्रमा दास महाराज के नेतृत्व में किया गया है। श्री राम कथा में 26 दिसंबर को दोपहर तीन बजे पूर्व विधायक भाजपा नेता उदयभान करवरिया का आगमन होगा। आचार्य धीरज द्विवेदी, किशन पाठक, देवेंद्र सिंह, शैलेश पाठक, बृजेश यादव, रिंकू मिश्र, आयुष जायसवाल द्वारा मंगलवार को कल्याणी देवी आवास पहुंचकर उदयभान करवरिया को आमंत्रित किया गया।

### माघ मेला के दौरान सुगम परिवहन सुनिश्चित करने हेतु रैपीडो बाइक रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में परिवहन विभाग के तत्वावधान में आईटीआई प्रांगण, रैपीडो बाइक के प्रथम रजिस्ट्रेशन कैंप का उद्घाटन मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं अनुशासित परिवहन सुविधा उपलब्ध करने हेतु रैपीडो प्लेटफॉर्म पर युवाओं का पंजीकरण कराना था जो मेला अवधि में रैपिडो द्वारा निर्धारित दरों पर श्रद्धालुओं को बाइक सेवा प्रदान कर सकेंगे। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को मंडलायुक्त ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा इसे युवाओं के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा की बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान ऐसे नवाचार यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में भी सहायता करते हैं। पहले दिन इस कैंप के माध्यम से लगभग 125 रजिस्ट्रेशन हुए। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भी रैपिडो कंपनी द्वारा एक और कैंप लगाया गया था जिसमें आज पहले दिन लगभग 75 रजिस्ट्रेशन हुए। माघ मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवागमन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मेला प्रशासन द्विपहिया संचालकों के माध्यम से यातायात को सुगम बनाने का प्रयास कर रहा है। इससे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को त्वरित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा मेला क्षेत्र में यातायात दबाव को कम करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष वर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं मेला अधिकारी ऋषिराज तथा नगर आयुक्त सेलम साईं तेजा ने भी प्रतिभाग किया। सभी अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे माघ मेला के सफल, सुव्यवस्थित और सुरक्षित संचालन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।रैपीडो बाइक की ओर से तन्वी, सर्वेश एवं तनुज ने कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने रैपीडो प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली, पंजीकरण प्रक्रिया और सुरक्षा मानकों की जानकारी साझा की।

# भीषण ठंड में प्रयागराज में रुचि अभिषेक तिवारी ने पेश की इंसानियत और मानवता की मिसाल

**कहा - यह पहल राजनीति नहीं बल्कि संवेदना की है साधना, जहां पहचान से अधिक जरूरत और प्रचार से पहले मानवता को दी जाती है प्राथमिकता**

**मेजा।** जब कड़ाके की ठंड से शहर की सड़कें सिहर रही थीं और फुटपाथों पर जीवन ठिठुर रहा था, तब बिना किसी शोर शराबे और प्रचार के इंसानियत ने अपना कर्तव्य निभाया। शिवसेना एनडीए गठबंधन की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में देर रात बेसहारा एवं बेघर लोगों को कंबल वितरित किए गए। यह सेवा इतनी सहज और संवेदनशील थी कि कई जरूरतमंदों को यह भी भनक नहीं लगी कि ठंड से बचाने वाला हाथ किसका था बस इतना अनुभव हुआ कि किसी ने चुपचाप आकर उन्हें गर्माहट दे दी है। इस दौरान न कोई मंच था, न कोई नारे अगर कोई था तो सिर्फ. करुणा,संवेदना और मानवीय दायित्व। इस मानवीय पहल को शिवसेना के प्रमुख नेता एवं उपमुख्यमंत्री माननीय एकनाथ शिंदे का स्नेहिल मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त रहा। साथ ही राष्ट्रीय समन्वयक एनडीए गठबंधन एवं चुनाव के अभिषेक वर्मा और शिवसेना के प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी का सक्रिय समर्थन भी इस सेवा अभियान के साथ रहा जो केवल शब्दों तक सीमित न होकर जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। रुचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि यह पहल राजनीति नहीं, बल्कि संवेदना की साधना है जहाँ पहचान



कड़ाके की ठंड में शहर में फुटपाथों पर ठिठुर रहे असहायों को देर रात कंबल ओढाती शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी

से अधिक जरूरत और प्रचार से पहले मानवता को प्राथमिकता दी जाती है। ठंडी रात की

खामोशी में जब अधिकांश लोग विश्राम कर रहे थे तब इंसानियत जाग रही थी और फरिश्तों की तरह कंबल ओढ़ाकर आगे बढ़ गई। गौरतलब है कि इस सराहनीय पहल में सोनू सेठ, अमन तिवारी,रतीश दुबे,तरुण पांडेय आदि के अलावा कई अन्य मानवता के पुजारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सीआरआईएसपी भोपाल में तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर युवा बनेंगे आत्मनिर्भर : अशेष चट्टोपाध्याय

**स्थानीय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने के लिए मेजा ऊर्जा निगम है प्रतिबद्ध, युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु किया कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निगम सीईओ ने युवाओं को प्रशिक्षण हेतु बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**मेजा।** मंगलवार को मेजा ऊर्जा निगम (प्रा.) लिमिटेड ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत स्थानीय युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय द्वारा किया गया। निगम की इस पहल के अंतर्गत कुल 20 अभ्यर्थियों को सीएनसी मशीन ऑपरेटर ट्रेड में तीन माह का पूर्णतः आवासीय प्रशिक्षण सीआरआईएसपी भोपाल में प्रदान किया जाएगा, जिसमें बैच के 20 प्रशिक्षार्थियों को आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी दक्षता विकसित की जाएगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः आवासीय है तथा प्रशिक्षण उपरांत सीआरआईएसपी भोपाल द्वारा सौ प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री चट्टोपाध्याय ने कहा कि मेजा ऊर्जा निगम स्थानीय युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा सीआरआईएसपी के साथ यह पहल युवाओं को तकनीकी ज्ञान







कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु युवाओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते निगम के सीईओ अशेष चट्टोपाध्याय

प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा उपस्थित अन्य अतिथियों ने बस को हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण हेतु सीआरआईएसपी भोपाल के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण नरेंद्र नाथ सिन्हा, महाप्रबंधक परियोजना आनंद प्रकाश, महाप्रबंधक अनुरक्षण अशोक कुमार,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन विवेक चंद्र सहित सीआरआईएसपी भोपाल के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कोरांव की महान पुलिस, कोरांव कस्बे के एक आदिवासी की बेरहमी से हत्या

**लापता युवक का पांचवे दिन खीरी में एक कुएं से बरामद हुई लाश**

**परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**



**कोरांव।** प्रयागराज के खीरी थाना क्षेत्र में एक लापता युवक का शव कुएं से बरामद हुआ है। कोरांव नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी 28 वर्षीय सुशील उर्फ मुंडे शुक्रवार को लापता हो गए थे। पांच दिन बाद मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे खूंटा गांव स्थित एक कुएं में उनका शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई हुई होती तो सुशील की जान बच सकती थी।

दी गई सूचना अनुसार, सुशील उर्फ मुंडे कोल पुत्र जगदीश शुक्रवार को अपने मोहल्ले के महेश जायसवाल के साथ किसी जमानत के सिलसिले में गए थे। परिजनों का कहना है कि महेश उसी दिन घर लौट आया था, लेकिन सुशील वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। सुशील के बड़े भाई सतीश ने कोरांव थाना पुलिस को महेश जायसवाल के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में हीला हवाली की और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

फिलहाल परिणामतः लापता होने के पांचवें दिन मंगलवार को खीरी थाना क्षेत्र के खूंटा गांव में एक कुएं में सुशील का शव बरामद हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया।

मृतक सुशील की पत्नी सीमा, माता चंद्रकली, बहन गुड़िया और एक वर्षीय बेटे श्रेयांश का रो-रोकर बुरा हाल है। बहन गुड़िया ने आरोप लगाया कि महेश ने ही बेरहमी से उनके भाई का गला काटकर हत्या की है। और कोरांव पुलिस चाहती तो जान न जाती और जिंदा बरामद हो जाता। सुशील तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे।

मृतक के परिजनों और मोहल्ले के लोगों का कहना है कि यदि पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद तत्काल सक्रियता दिखाई होती और महेश से कड़ाई से पूछताछ की होती, तो सुशील की जान बचाई जा सकती थी। मृतक की मां भी चंद्रकली ने मंगलवार को सायं 5 बजे आरोप लगाया कि पुलिस ने महेश से कोई पूछताछ नहीं की, जिसके कारण उनके बेटे की हत्या कर दी गई।

इसी तरीके आम जनों का आरोप है कि कोरांव क्षेत्र में कई घटनाएं हो चुकी और हो भी रही है न तो किसी की जल्दी एफआईआर दर्ज की जाती है। जिससे आगे चल कर बड़ी घटना हो जाती है।

### बसपा के नेता पर धोखाधड़ी और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

**झूंसी।** फूलपुर विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी रामतोलन यादव ने बसपा के पूर्व कोऑर्डिनेटर टिकेश गौतम के खिलाफ धोखाधड़ी और जानलेवा हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नैका निवासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बसपा राम तोलन यादव की तहरीर के मुताबिक 2022 चुनाव के दौरान राजनीतिक संबंधों के चलते बसपा के पूर्व कोऑर्डिनेटर टिकेश गौतम पर भरोसा कर जमीन का बैनामा उनके नाम कर दिया था पर पैसे नही मिले आरोप है कि 14 सितंबर को जब उन्होंने अपने पैसे मांगे, तो टिकेश ने उन पर गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया और उनके साथ मारपीट की। साथ ही पैसे मांगने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। झूंसी थाना प्रभारी महेश मिश्र ने बताया कि बैंक ट्रांजैक्शन समेत अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

# कामरेड मुन्नी लाल यादव का निधन मेडिकल कॉलेज को सौंपी गई देह

**झूंसी।** क्षेत्र के वरिष्ठ वामपंथी नेता और समाज सेवी कामरेड मुन्नी लाल यादव का 78 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। मंगलवार को उनके परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनके पार्थिव शरीर को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया। मूल रूप से हंडिया के कटहरा निवासी मुन्नी लाल यादव झूंसी के हवेलिया में सपरिवार रहते थे। उन्होंने लंबे समय तक पश्चिम बंगाल के हावड़ा स्थित सेंट पॉल स्कूल में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के बाद वे पूरी तरह सामाजिक कार्यों में जुट गए। वे किसान सभा के जिला अध्यक्ष और बाद में सीपीआईएम के मंडल जिला सचिव के पद पर रहे। उनके पुत्र राजेश यादव ने बताया कि



सोमवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ शाम को उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार को उनके पार्थिव शरीर को झूंसी स्थित लाल चौक ले जाया गया, जहाँ भारी संख्या में स्थानीय लोगों और कामरेड नेताओं ने उन्हें लाल सलाम के नारों के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उनके शरीर को मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द कर दिया गया। उनके परिवार में दो पुत्र राजेश यादव, रमेश यादव और दो पुत्रियां रोजी, रूबी हैं।

# UP-TET की परीक्षा स्थगित, जल्द घोषित होगी नई तारीख:उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग की बैठक में अहम निर्णय, 15 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी प्रभावित

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की बैठक आज मंगलवार को हुई। बैठक में 29 और 30 जनवरी को होने वाली वढ ळएळ (शिक्षा पात्रता परीक्षा) स्थगित करने पर विचार किया गया। जल्द ही इस परीक्षा के लिए अगली तारीख तय किया जाएगा।वढ के पूर्व उन्नढ व आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रशांत कुमार की ज्वाइनिंग के बाद यह पहली बैठक आयोजित हुई। लंबे समय से इस परीक्षा को लेकर असंमजस की स्थिति बनी हुई थी। इस परीक्षा से 15 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं।

इसके अलावा बैठक में विज्ञापन संख्या-51 की असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा के बाद लंबित साक्षात्कार के संबंध में भी चर्चा हुई। जल्द ही इस मामले की जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा।

अब शिक्षा सेवा चयन आयोग में



होगा विजिलेंस सिस्टम

बैठक में आयोग के क्रिया कलापों में पारदर्शिता लाने और परीक्षा संबंधित अन्य कार्यों की निगरानी के लिए आंतरिक विजिलेंस प्रणाली स्थापित करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया- इसके लिए आयोग में एक विजिलेंस अधिकारी की नियुक्ति भी की जाएगी।

आयोग की इस बैठक में TGT-PGT की परीक्षाओं पर भी पर चर्चा की गई। परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया है कि पिछले दिनों स्थगित की गई TGT-PGT की परीक्षाओं और टीईटी की परीक्षा के संबंध में परीक्षा तिथि निर्धारित करने के लिए अन्य आयोगों व भर्ती संस्थाओं के परीक्षा कैलेंडर का अध्ययन कर समय सारिणी तैयार कर आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें, जिसके आधार पर आयोग इन महत्वपूर्ण पर परीक्षाओं की तिथि घोषित कर सके।

इसके साथ ही आगामी परीक्षाओं के आयोजन के लिए परीक्षा केंद्रों के चयन और विभिन्न प्रकार की एजेंसियों के चयन आदि की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की बात अध्यक्ष द्वारा कही गई।

इस संबंध में आयोग के उप सचिव व जन संपर्क अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया- आज की बैठक में टीईटी परीक्षा को लेकर चर्चा हुई है। अगले महीने होने वाली बैठक में पूरी तरह से क्लीयर किया जाएगा। अभी यह कह पाना संभव नहीं है कि टीईटी परीक्षा हो पाएगा या नहीं।

**21 जनवरी 2022 को हुई थी टीईटी की परीक्षा**

इसके पहले यूपी टीईटी की परीक्षा 28 नवंबर 2021 को लीक हो जाने के कारण निरस्त कर दी गई थी। काफी जद्दोजहद के बाद यह परीक्षा 21 जनवरी 2022 को कराई गई थी। इसके बाद से अभी तक यह परीक्षा नहीं हो सकी थी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इस परीक्षा के इंतजार में हैं।आयोग ने कुछ महीने पहले ही 29 और 30 जनवरी 2025 को इस परीक्षा कराने की तिथि घोषित कर दी। लेकिन आयोग की अध्यक्ष रहीं प्रो. कीर्ति पांडेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। नए अध्यक्ष की नियुक्ति में समय लगने के कारण यह परीक्षा फिर से फंस गई। अब शनिवार को ही आयोग के नए अध्यक्ष के रूप में प्रशांत कुमार ने चार्ज लिया। इसके बाद हुई पहली बैठक में ही इस पर निर्णय लिया गया है।

# डीएम अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.एस. वर्मा सेवानिवृत आईएएस ने कार्यशाला में अपने विचारों एवं अनुभवों को साझा किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर.एस. वर्मा ने कहा कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस की समस्याओं का निस्तारण प्रशासन के द्वारा ग्रामीण स्तर पर किया जाना है, जिसके लिए गांव में कैम्प लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों



की महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों को और वृहद स्तर पर बढ़ाये जाने की आवश्यकता है, जिससे कि वे आर्थिक रूप से और भी ज्यादा स्वावलम्बी बन सके। इस कार्य में प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित लोग स्वयं सहायता समूह के लोगो को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कि प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए तथा उसे और अधिक पारदर्शी प्रभावी बनाने में सौपे गए दायित्व को सभी संबंधित अधिकारी निर्वहन करें। उन्होंने जनपद के लोगो की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद स्तर पर एक पोर्टल बनाये जाने का सुझाव भी दिया है। कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि आमजनमानस को अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु इधर-उधर भटकना न पड़े। पात्र व्यक्तियों को कैम्प लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने संपादित कार्यों की डेटाबेस बनाते हुए सफलता की कहानी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड कराये जाने के लिए ई-डिस्ट्रिक मैनेजर को कहा। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्रा, परियोजना निदेशक भूपेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार ने आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए।कार्यशाला में संबंधित विभागों से जुड़े अधिकारियों के द्वारा अद्यतन जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आमजनमानस की समस्याओं के प्रभावी रूप से निस्तारण हेतु विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन सुनिश्चित करना और प्रशासनिक कार्य प्रणाली को और अधिक सुलभ बनाये जाना हैं।

# किसान मेला में कृषकों को किया गया पुरस्कृत रबी फसलों की दी गयी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय जैविक किसान मेला, आत्मा योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक वार्ता के साथ साथ स्व0 चैधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि भवन परिसर में किया गया। जनपद स्तरीय किसान मेलाध्जैविक किसान मेले का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा किया गया एवं प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि के सम्बन्ध में कृषको जानकारी साक्षा की गयी। सीडीओ व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों तथा कृषकों द्वारा मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया गया। जिला कृषि अधिकारी/प्रभारी उप कृषि निदेशक अशोक कुमार द्वारा विभागीय कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की गयी। कृषकों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी के0वी0के0 कालाकांकर के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह द्वारा कृषकों को विस्तार से तकनीकी जानकारी दी गयी, रबी की फसल में उत्पादकता बढ़ाने हेतु तथा संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग मिट्टी जॉच के आधार पर ही करने की जानकारी दी गयी। पशुपालन विभाग के डॉ0 आर0पी0 सिंह ने पशुओं के स्वास्थ्य बारे में एवं पशुपालन सम्बन्धित योजनाओ के बारे मे जानकारी साक्षा की। जैविक किसान मेले में कृषि विभाग के विभिन्न अनुभागों क्रमशः प्रसार अनुभाग, मृदा परीक्षण अनुभाग, कृषि रक्षा अनुभाग, उद्यान विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। जैविक किसान मेले में संबधित विभाग के कर्मचारी एंव जनपद स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। समस्त विकासखण्डों से लगभग 900 से अधिक कृषकों की भागीदारी रही, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। किसान मेला में जनपद स्तरीय प्रथम पुरस्कार 18 कृषक, द्वितीय पुरस्कार 12 कृषक तथा विकास खण्ड स्तरीय 29 कृषको को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार धनराशि 7000, द्वितीय पुरस्कार धनराशि 5000 एवं विकास खण्ड़ स्तरीय पुरस्कार धनराशि 2000 प्रदान किया गया। किसान मेला में विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र वर्मन सहित अग्रणी जिला प्रबन्धक, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपसम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कुण्डा, पट्टी, सदर, लालगंज सहित विकास खण्डों के अधिकारी/ कर्मचारी, बीटीएम/ एटीएम, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, बी तथा ग्रुप-ए मौजूद रहे। आयोजित किसान मेले का संचालन तकनीकी सलाहकार सुनील कुमार सिंह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन द्वारा किया गया।

### मेलेमें टीबी रोग के लक्षण, बचाव व उपचार की दी गयी जानकारी

**प्रतापगढ़।** जनपद में कृषि विभाग परिसर में आयोजित जैविक किसान मेला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से टीबी का स्टॉल लगाकर आम जनमानस को टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। टीबी के मरीजों को सरकार द्वारा मिलने वाली समस्त जांच एवं उपचार निशुल्क प्रदान किया जाता है एवं सरकार द्वारा निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत रुपए 1000 प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में दिया जाता है इसकी जानकारी भी दी गई।

## दबंगई के बल पर मकान निर्माण का आरोप

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी मेहरुल निशा पत्नी नाबीर हुसैन ने मंगलवार को थाना आसपुर देवसरा में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी भूमि पर पड़ोसी दबंगई के बल पर अवैध रूप से मकान का निर्माण कर रहे हैं।पीड़िता का कहना है कि भूमि विवाद को लेकर उन्होंने न्यायालय की शरण ली थी, जहां से विपक्षियों के विरुद्ध अस्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) भी पारित किया गया है। इसके बावजूद विपक्षी न्यायालय के आदेश की खुलेआम अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं, जिससे उन्हें मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।पीड़िता ने पुलिस से न्यायालय के आदेश का पालन कराते हुए निर्माण कार्य रुकवाने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा के थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, एक अजगर के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** वन्यजीव संरक्षण के तहत वन विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 23 दिसंबर 2025 को प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जौनपुर द्वारा दी गयी सूचना पर उनके कार्यालय से देवेश कुमार उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, विपिन कुमार यादव वन दरोगा, मारुति कुमार वर्मा वन दरोगा, लक्ष्मीकांत वन रक्षक एवं प्रतापगढ़ वन प्रभाग से अवध विहारी उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, परीक्षित मिश्रा वन दरोगा, राहुल कुमार गौतम वन दरोगा, वन्दना वर्मा वन दरोगा द्वारा चिलबिला हनुमान मंदिर के सामने मलियाना प्रतापगढ़ में अमित के घर पर छापा मारा गया जिसमें प्रथम अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र शीतला प्रसाद निवासी गोड़े चिलबिला एवं सूरज पुत्र गया प्रसाद निवासी दीवानगंज थाना कन्धई को एक अदद अजगर के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चार दिन बाद भी दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर



**बेलखरनाथ धाम।** चार दिन बीत जाने के बाद भी दुष्कर्म का आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिससे बाजार वासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हालांकि कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाजार में पीएसी व पुलिस बल तैनात हैं।बता दें कि पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में शनिवार शाम चाट की दुकान चलाने वाले एक युवक की 9 वर्षीय मासूम बेटी के साथ गैर समुदाय का एक युवक दुष्कर्म का प्रयास किया।इस मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर बाजार निवासी वारिस के बेटे जावेद उर्फ चांद बाबू के विरुद्ध दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें बनाई लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। जिसको लेकर बाजार वासियों व क्षेत्रीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। हालांकि बाजार में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस व पीएसी बल तैनात हैं।

### नगर पंचायत के तत्वाधान में शुरू हुआ पटरियों से अतिक्रमण हटाने का अभियान



**लालगंज।** नगर पंचायत के तत्वाधान में मंगलवार को पटरियों पर किये गये अतिक्रमण के खिलाफ अभियान की शुरुआत की गयी। पहले दिन पटरियों पर किये गये हल्के अतिक्रमण को हटाते हुए दुकानदारों को चेतावनी दी गयी है। नायब तहसीलदार पंकज वर्मा की अगुवाई में निकले लेखपालों और नगर पंचायत कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने पटरी पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को साफ चेतावनी दिया। दुकानदारों को बताया गया कि यदि अतिक्रमण चैबीस घंटे के भीतर नही हटाया जाता तो नपं अतिक्रमण हटाने और दुकानदारों से जुमार्ना वसूल करने की कार्रवाई करेगी। अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू होने से दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल दिखा। कई दुकानदारों ने पटरियों पर किये गये अतिक्रमण को खुद भी हटाया। इस मौके पर नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अनिकेत दुबे, रिंकू मिश्र, विकास तिवारी, रोहित शुक्ला, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज, सूर्यमणि शुक्ला, आनन्द सरोज, कुलदीप राव, अकरम खान, अनुज सरोज, रिषभ सिंह, अंकुर जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी

**बेलखरनाथ धाम।** रानीगंज थाना क्षेत्र के संविलियन विद्यालय चन्दीगोविन्दपुर मे रविवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने दो कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखा तीन कुंतल गेहूं ,तीन कुंतल चावल ,कुकर तावा ,गिलास ,परात, कड़ाही भगोना बाल्टी आंगनबाड़ी के बच्चों के खेलने का सामान रजिस्टर अभिलेख सहित लाखों का सामान चोरी कर उठा ले गए। सोमवार की सुबह शिक्षक शिव शंकर त्रिपाठी, इम्तियाज अहमद,करुणेश प्रताप विद्यालय पहुंचे तो पांच कमरो का टूटा ताला और विद्यालय से लाखों का गायब सामान देखकर दंग रह गए। चोरी की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। लाखों की चोरी के घटना के संबंध में शिक्षक शिव शंकर त्रिपाठी, इम्तियाज अहमद, करुणेश प्रताप ने रानीगंज थाने में तहरीर देकर घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। खास बात यह है कि जामताली क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। इसके पूर्व पिछले दिनों रविवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय शेर खां का ताला तोड़कर चोरों ने स्मार्ट टीवी सिस्टम का करीब 4 लाख रुपए का सामान चोरी कर उठा ले गए थे।इस मामले की जांच पड़ताल कर ही रही थी कि चोरों ने दूसरी घटना को अंजाम दे दिया। जामताली क्षेत्र में चोर खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं और पुलिस चोरों को पकड़ने में विफल साबित हो रही है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।इन दिनों जामताली क्षेत्र के विद्यालयों में चोरी की बढ़ रही घटना से प्रधानाध्यापको शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों ने इस ओर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जामताली क्षेत्र के विद्यालयो में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और चोरी की घटना का खुलासा कराए जाने की मांग की है।

## चार सौ चौंतीस दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक हुए चिन्हित, जल्द मिलेगा उपकरण

**सांगीपुर व लालगंज ब्लाक परिसर में विधायक मोना के निर्देश पर हुआ कार्यक्रम**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री व एडिप योजना के तहत मंगलवार को निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देशन में सरयू समाज कल्याण संस्थान के तत्वाधान में सांगीपुर व लालगंज विकासखण्ड परिसर में आयोजित शिविर में दिव्यांग व बुजुर्ग लाभार्थियों का परीक्षण किया गया। इसके तहत सांगीपुर में आयोजित शिविर में एक सौ इकहत्तर दिव्यांग और पचहत्तर वरिष्ठ नागरिकों को परीक्षा के पश्चात चिन्हित किया गया। यहां सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, प्रधानाचार्य अमिताभ शुक्ला, रोहित सिंह, राजू मिश्र, जिपंस अशोकधर द्विवेदी, लल्लन सिंह, शिवकुमार साहू आदि मौजूद रहे। वहीं लालगंज ब्लाक परिसर में आयोजित शिविर में एक सौ अड़तालिस दिव्यांग और चालीस वरिष्ठ नागरिकों को परीक्षण के पश्चात चिन्हित किया गया। यहां ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, रामू मिश्र, प्रीतेन्द्र ओझा, मुरलीधर तिवारी आदि मौजूद रहे। डा0 आशीष गुप्ता, डा0 अजीत कुमार, एलम्कि के श्रवण कुमार, आनन्द सिंह, अनिल की टीम ने लाभार्थियों का परीक्षण किया। विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने बताया कि दोनों ब्लाकों में कुल चार सौ चैतीस लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। पात्रता के अनुसार इन्हें ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, ईयर मशीन आदि उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक की फटकार पर दो आरोपियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति समेत दो आरोपियो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज की गयी है। सांगीपुर थाना के लखनपुरसूर निवासी राजकरन सरोज की पुत्री अंजली सरोज ने पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका विवाह इक्कीस मई 2023 को अमेठी जिले के गौरीगंज थाना के पहाड़गंज निवासी प्रकाश सरोज के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से दहेज के रूप में दो लाख रुपए की मांग करते हुए ससुर संतलाल व पति प्रकाश उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के अनुसार चैबीस अप्रैल को उसके पति ने दहेज की मांग को लेकर पिटाई की और घर से भगा दिया। सांगीपुर थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## युवक की हत्या में नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रतापगढ़।** हत्या के मामले मे फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सांगीपुर थाना के लखनपुरसूर गांव निवासी अनंत बहादुर कोरी की सात दिसंबर को लाठी डंडे से पिटाई की गयी थी। बाद मे इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गयी। मामले मे पुलिस ने आठ नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया। पुलिस मुख्य आरोपी अधिवक्ता समेत चार को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इधर मंगलवार की सुबह सांगीपुर पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे पांचवे आरोपी अनुज यादव पुत्र शिवभजन निवासी लखनपुरसूर को गांव के समीप से धर दबोचा। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डण्डा भी पुलिस ने बरामद किया। सांगीपुर थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार हत्यारोपी को पूछतांछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## विहिप व बजरंग दल ने जन आक्रोश रैली निकालकर आतंकवाद का फूंका पुतला




**प्रतापगढ़।** बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जन आक्रोश रैली निकालकर इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष संजय उपाध्याय व बजरंग दल के जिला सह संयोजक सम्राट की अगुवाई में मंगलवार को कार्यकताओं ने रैली निकाली। जनाक्रोश रैली इन्दिरा चैक पर पहुंची तो कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया। विहिप जिलाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेश में आये दिन हिन्दू मंदिरों, व्यवसायिक केन्द्रों, कर्मचारियों व पत्रकारों के साथ अभद्रता व उत्पीड़न किया जा रहा है। यह बहुत ही शर्मनाक है। उन्होने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू श्रमिक दीपू दास पर झूठा आरोप लगाकर जिस प्रकार से उनकी निर्मम हत्या कर दी यह इस्लामिक जेहाद का जीता जागता उदाहरण है। इस मौके पर तूफानी मिश्र, नागेन्द्र भूषण शुक्ल, सुरेश सिंह, दिलीप तिवारी, विमल मिश्र, विजय द्विवेदी, अभय शुक्ला, संजय शुक्ला, साहब शुक्ल, अजय, मोहित, विशाल आदि मौजूद रहे।

### दो घरों में हुई चोरी में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हुई चोरी के मामले मे अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के पूरे रामन मेढ़ावां निवासी राधेश्याम वर्मा पुत्र जगरूप वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस दिसंबर की रात अज्ञात चोरों ने सीढ़ी के सहारे घर में घुसकर पैतीस हजार रुपए नकद व लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। वहीं गांव के शिवलाल कोरी पुत्र रामफल कोरी के घर से भी चोर जेवरात उठा ले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### ब्लाक में दिव्यांग व वरिष्ठजन के परीक्षण का शिविर आज

**लालगंज।** रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड परिसर में बुधवार को दस बजे से भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडिप योजना के तहत सरयू समाज कल्याण संस्थान के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के पात्रता का परीक्षण कर इन्हें ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, ईयरफोन, वैशाखी आदि उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हित किया जाएगा।

## स्कूल बस पलटने से आधा दर्जन बच्चे घायल, मची अफरा-तफरी

**गोलाही गांव के समीप हुईं घटना, सूचना पर पहुंची पुलिस**

**अखंड भारत संदेश**



**बेलखरनाथ धाम।** स्कूल से बच्चों को घर छोड़ने जा रही बस अचानक पलट गई। जिसमें आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए।इस दौरान वहां बच्चों की चीख-पुकार से अफरा तफरी मच गई। कंधई थाना क्षेत्र के श्री राम मूर्ति पब्लिक स्कूल पुरुषोत्तमपुर, जयसिंहगढ़ की स्कूल बस मंगलवार को बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। जैसे ही बस गोलाही गांव के समीप पहुंची कि अचानक बस की स्टेरिंग फेल हो गई औरबस सड़क किनारे पलट गई। बस में सवार आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों को इलाज के लिए सीएचसी बेलखरनाथ धाम भेजा गया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और राहत कर में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ बच्चों को शीशा तोड़कर चालक धीरज ने बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।





**यह बच्चे हुए घायल**

स्कूल बस पलटने से आर्यन गौतम, प्रियंका,राघव, दिव्या,लक्ष्य तिवारी व कुलवीर घायल हो गए।जिसमें चार बच्चों को सीएचसी बेलखरनाथ धाम भेजा गया। तथा कुछ अभिभावक अपने बच्चों का इलाज स्थानीय डाक्टर से कराकर घर लेकर चले गए।

## जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष ने गरीबों असहायों को कम्बल का किया वितरण



**प्रतापगढ़।** जनपद में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों, कमजोर वर्ग को राहत दिलाने के लिये तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम सरायदली में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सरायदली, बेनीपुर, ईश्वरपुर, रामपुर व टेकार के 200 ग्रामीणों को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह द्वारा कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल प्राप्त होने पर ग्रामीणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया गया कि शासन से गरीबों एवं असहाय लोगों को शीत लहर से बचाव हेतु कम्बल प्राप्त हुए हैं जिन्हें पात्र व्यक्तियों में बाटा जा रहा है। यदि कंबल आवश्यकता से कम होंगे तो पुनः मांग पत्र भेजकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी नैन्सी सिंह को निर्देशित किया कि अन्य ग्रामों में इसी प्रकार से कम्बल का वितरण कराया जाये जिससे गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को कम्बल प्राप्त हो सके।इसी प्रकार डीएम के निर्देश के क्रम में नायब तहसीलदार दिनेश चन्द्र तिवारी द्वारा रजवाड़ी चैराहा पहुंचकर आस पास के ग्राम नेवादा कला, कोइलिया, रजवाड़ी, शिवराजपुर व कटाता आदि ग्रामों के गरीबों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक त्रिभुवन मिश्रा, आशाराम लेखपाल, गयाशंकर रंजीत सरोज आदि उपस्थित रहे।

## 1148 ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली तैयार दावें-आपत्तियॉं 24 से 30 दिसंबर तक दें

**प्रतापगढ़।** अपर जिला मजिस्ट्रेटध्निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि जनपद के अन्तर्गत समस्त तहसील यथा सदर, कुण्डा, लालगंज, पट्टी, रानीगंज के अन्तर्गत 17 विकास खण्डों क्रमशः मानधाता, सदर, सण्ड़वा चन्द्रिका, लालगंज, लक्ष्मणपुर, सांगीपुर, रामपुर संग्रामगढ़, बाबागंज, कुण्डा, बिहार, कालाकांकर, गौरा, शिवगढ़, बाबा बेलखरनाथधाम, पट्टी, आसपुर देवसरा एवं मंगरौरा की समस्त 1148 ग्राम पंचायतो के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकगण उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार हो गयी है और इसकी एक प्रति तहसील कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय एव बीएलओ के पास निरीक्षण के उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। उन्होने बताया है कि यदि नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिये कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के सम्बन्ध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो उसे दिनांक 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर को या उससे पूर्व प्रपत्र-2, 3 व 4 में जो भी उपयुक्त हो दाखिल किया जाये। प्रत्येक ऐसा दावा या आपत्ति तहसील कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय या बीएलओ को निर्धारित दिनांक तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

### कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में 03 दिन अवकाश घोषित

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुक्रम में वर्तमान में अत्यधिक शीतलहर, ठंड एवं घना कोहरा के दृष्टिगत जनपद के बेसिक शिक्षा परिषद के अंन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय तथा अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय एवं सी०बी०एस०ई०, आई०सी० एस०सी०, उ०प्र० बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त कक्षा 01 से 08 तक के समस्त विद्यालयों में 24 से 26 दिसंबर तक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

### जिला उद्योग व व्यापार बन्धु की बैठक 29 को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग व उपायुक्त राज्य कर ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु एवं जिला व्यापार बन्धु की बैठक दिनांक 29 दिसम्बर 2025 को अपरान्ह 3 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी है।

## प्रधान प्रतिनिधि ने खेल सामाग्री किया वितरण



**प्रतापगढ़।** बाबागंज विकास खंड की ग्राम पंचायत उतरार में मंगलवार को युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव रहे, जिन्होंने युवाओं को वॉलीबॉल, फुटबॉल सहित विभिन्न खेल सामग्री वितरित की।इस अवसर पर विनोद यादव ने कहा कि खेल न केवल युवाओं के शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे और युवाओं को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।खेल सामग्री पाकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जगदीश सरोज, वीरेंद्र, विकास सरोज, अमित, राज, संजय, अभिनव यादव, अनुराज व रवि सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। आयोजन के अंत में सभी ने गांव में खेल संस्कृति को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी ने की कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश






**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ अमित पाल ने उदयन सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने कर करेत्तर की समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, विद्युत, नगर निकाय, वन विभाग, खनन एवं मण्डी विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को और प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वाणिज्यकर में राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर उपायुक्त वाणिज्यकर को चेतावनी जारी करने तथा खनन विभाग में राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिला खनन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सीएम डैशबार्ड (राजस्व) पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडीकेटर्स की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को अपने इंडीकेटर्स में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए ए-श्रेणी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय इंडीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्हांने राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान राजस्व वादों के निस्तारण विशेषकर धारा 34, धारा 24 व धारा 67 आदि में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारां को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आर.सी. वसूली की समीक्षा के दौरान सभी तहसीलदारां को 25 बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर एवं नायब तहसीलदारां के साथ प्रतिदिन बैठक कर आर.सी. वूसली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर रजिस्ट्रार कानून-गो चायल को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि ठीक प्रकार से कार्य करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय।जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाय। उन्होंने कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि इस योजना के अन्तर्गत प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर एवं प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## समाजसेवी अजय साहू ने अनाथ बच्चों के घर पहुंचकर की मदद



**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के बम्हरौली गांव में मां बाप के निधन के बाद अनाथ हुए बच्चों के तंगहाली व बदहाली की जानकारी मिलने पर सौंराई गांव के समाजसेवी व शिक्षक अजय साहू मंगलवार को बच्चों के घर पहुंचकर उनकी मदद किया और उन्हें किसी तरह की आवश्यकता पड़ने पर हर संभव मदद किए जाने का भरोसा दिलाया। बता दे कि सूरज कुमार उम्र महज 15 साल, अपने छोटी बहन शबनम 10 वर्ष और भाई रिंकू 8 साल का माता पिता की मौत के बाद भरण पोषण कर रहा हैं। जहां पर उसका जीवन पढ़ाई के लिए होना चाहिए था वहां पर वह भाई बहनों के बच्चों का बोझ अपने कंधे पर उठा कर चल रहा है। इस गरीबी और मुफलिसी के वर्तमान समय में उसकी हालत तंगहाल हो चुकी थी। जिसकी जानकारी मिलने पर समाजसेवी अजय कुमार साहू उसके घर पहुंचकर बच्चों से मिलकर उन्हें खाने पीने के लिए एक बोरी चावल, दस किलो आटा, दो किलो दाल, दस किलो आलू व अन्य सब्जियों के साथ सर्दी से बचने के लिए दो कंबल का सहयोग दिया जिससे बच्चों को खाने पीने की किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाएं इसके साथ ही ठंड से उनका बचाव हो सके। समाजसेवी ने बच्चों से कहां की यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है वह उन्हें अविलंब सूचित करें। समाजसेवी ने उन्हें पढ़ाई से लेकर खाने पीने की सामग्री, वस्त्र, इलाज से लेकर हर तरह की मदद किए जाने को कहा हैं । समाजसेवी के इस पुनीत कार्य से लोगों ने उनकी प्रशंसा की है।



## अनाथ बच्चों से मुलाकात कर डीएम ने सुनी उनकी समस्याएं

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को कार्यालय कक्ष में बमरौली निवासी अनाथ बच्चों-सूरज, शबनम व रिंकू से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुना। उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रशासन द्वारा हरसम्भव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर बेझिझक तत्काल उन्हें अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला को बडे. बेटे सूरज का बैंक एकाउण्ट खुलवाने एवं अन्त्योदय कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पारिवारिक लाभ योजना तथा जिला प्रोबेशन अधिकरी को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन कराकर शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आकाश सिंह को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत आवेदन कराकर शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि बच्चों का पात्र गृहस्थी का कार्ड बना हुआ है, आवास का लाभ दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य योजनाओं से भी शीघ्र आच्छादित किया जाय, ताकि बच्चां को जीवन यापन में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## पोषाहार का राशन लेने गई महिला के साथ आंगनवाड़ी ने किया गाली गलौज

**कौशांबी।** सिराथू विकासखंड क्षेत्र के तेजवापुर केनी नारा ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी संचालिका के पास 22 दिसंबर को गांव की महिला नीलम पोषाहार का राशन लेने गई थी लेकिन आंगनबाड़ी ने महिला के बच्चों का पोषाहार नहीं दिया है जब महिला ने इस बात पर सवाल जवाब किया तो आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और उसके भाई ने महिला के साथ गाली गलौज किया और महिला को घर के अंदर खींचने का प्रयास किया गया जान बचाकर महिला घटनास्थल से भाग आई है और मामले की सूचना चौकी पुलिस को दिया है आंगनबाड़ी केदो में पोषाहार की कालाबाजारी चरम पर फल फूल रहा है जिसके चलते आंगनबाड़ी से महिला और बच्चों को पोषाहार नहीं मिल पाता है यह योजना पूरी तरह से कमाई का साधन बनकर रह गई है पात्र योजना से दूर दिखाई पड़ रहे हैं लेकिन उसके बाद सीडीपीओ और सुपरवाइजर आंगनबाड़ी के पोषाहार की कालाबाजारी को रोकने का प्रयास नहीं करते हैं बल्कि कालाबाजारी करने वाली आंगनबाड़ी से हिस्सा वसूली करके अपनी जुबान बंद कर लेते हैं जिससे पूरे जिले में योजना चौपट है।

## राष्ट्रीय लोकदल सर्व समाज की पार्टी है : इमरान रिजवी




**करारी कौशांबी।** भारत रत्न किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 123 वीं जयंती किसान दिवस के रूप में पार्टी जिला कार्यालय राष्ट्रीय लोकदल करारी कौशांबी में बड़े धूमधाम से मंगलवार को मनाई गई सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर फूल डालकर उन्हें माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी ने किसानों के लिए सदैव लड़ाई लड़ी चौधरी साहब अपने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए किसानों के हित में बहुत सी योजनाएं लागू करके किसानों को लाभान्वित किया आज भी देश एवं प्रदेश का किसान उन्हें भूल नहीं पा रहा है उन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर किसान हित में कार्य किया और किसानों को किसान होने की पहचान दी। प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी साहब के द्वारा किए गए कार्यों एवं पार्टी की नीतियों को गांव-गांव जन जन तक पहुंचाएं और पार्टी मुखिया और केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जयंत चौधरी जी के हाथों को मजबूत करें। क्षेत्रीय महासचिव प्रयागराज नजमुल हसन ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ही एक ऐसी पार्टी है जो किसानों मजदूरों के हित के लिए कार्य कर रही है किसानों की पार्टी मात्र राष्ट्रीय लोकदल ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। जिला अध्यक्ष विनय पासी एडवोकेट ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाया जायेगा, पंचायत चुनाव मजबूती से राष्ट्रीय लोकदल लड़ेगी जो भी कार्य करता पदाधिकारी पंचायत चुनाव लड़ना चाहते हैं वह पार्टी कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर दें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी, क्षेत्रीय महासचिव नजमुल हसन, जिला अध्यक्ष विनय पासी, जिला महासचिव गुलाम सिबतैन रविश जीशान हैदर पप्पू मछली, जिला महासचिव पूर्व सभासद करारी जीशान हैदर पप्पू मछली, पूर्व सभासद करारी असगर मदनी कुरैशी, जिला महासचिव हरिश्चंद्र मौर्य, चायल विधानसभा प्रभारी सुमन पासवान, राजेंद्र कुमार विधानसभा सिराथू प्रभारी, लाल चांद चंद्र जिला महासचिव, जिला महासचिव सिदलाल सरोज, जिला सचिव अब्दुल कवी, मुकेश कुमार सरोज सेक्टर उपाध्यक्ष, मोहम्मद शमन जिला उपाध्यक्ष, अनिल रही 12 ब्लॉक प्रभारी, धर्मराज सेक्टर अध्यक्ष सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट कक्षा संचालन एवं आईसीटी के प्रभावी प्रयोग हेतु द्विदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ

अखंड भारत संदेश



**हररायपुर कौशांबी।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम एवं निपुण भारत अभियान के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मंझनपुर के तत्वावधान में स्मार्ट कक्षा संचालन एवं आईसीटी के प्रभावी प्रयोग विषय पर 23 से 24 दिसम्बर 2025 तक बीआरसी मंझनपुर में द्विदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम का उद्घाटन सुश्री निधि शुक्ला,डायट प्राचार्य द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक का तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्मार्ट कक्षाएँ विद्यार्थियों के सीखने को अधिक जीवंत, सहभागी एवं प्रभावी बनाती हैं।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शैक्षिक तकनीकों से सशक्त करते हुए कक्षा-कक्ष में डिजिटल नवाचार, संवादपरक शिक्षण एवं अधिगम-केंद्रित वातावरण का विकास करना रहा। कार्यक्रम के संदर्भदाता डॉ.ओम प्रकाश सिंह ने आईसीटी आधारित शिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक सशक्त माध्यम बताया। प्रशिक्षण आयोजन में डॉ. संदीप तिवारी का सहयोग प्राप्त हुआ, जिनके मार्गदर्शन से कार्यक्रम को प्रभावी दिशा मिली।प्रशिक्षण सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी पक्षों को सरल एवं व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया।

अजय कुमार द्वारा हार्डवेयर संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई सुधीर सिंह द्वारा सॉफ्टवेयर के शैक्षिक उपयोग, तथा शुभम सिंह द्वारा प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से स्मार्ट कक्षा संचालन का प्रत्यक्ष अभ्यास कराया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को समय-सापेक्ष, अत्यंत उपयोगी एवं नवाचारी शिक्षण को प्रोत्साहित करने वाला बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की अपेक्षा व्यक्त की।

# वीर बाल दिवस एवं बाल विवाह मुक्त भारत अन्तर्गत किया गया जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**कौशांबी।** शासन के निदेशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद के नवीन आदर्श शिक्षा निकेतन श्री राम चन्द्र पाण्डेय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिराथू, आंगनबाड़ी केन्द्र बालकमऊ भदवा, एस0पी0एल0डी0 इण्टर कालेज भरेसर, प्रा0वि0 पाता मंझनपुर, आंगनबाड़ी केन्द्र गांधीनगर मंझनपुर, स्टार किड एवं स्टार वैली विद्यालय सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में दिनांक 23.12.2025 को वीर बाल दिवस तथा बाल विवाह मुक्त भारत अन्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें ड्राइंग, पोस्टर, निबन्ध लेखन एवं दौड़ प्रतियोगिता करायी गयी। बताया गया कि गुरू गोविन्द सिंह जी के बेटों के साहस एवं बलिदान की बीर गति को याद करते हुये बच्चों को देश-प्रेम के प्रति जागरूक कर वीरों की गाथा बतायी गयी। वीरता के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन को याद किया गया। बच्चों को बाल विवाह से होने वाली शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के बारे में बताया गया। बाल विवाह एक गैर कानूनी कार्य हेतु जिससे सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का प्रावधान किया गया है। जिसमें बाल विवाह करने एवं कराने वाले सभी लोगों के लिए दण्ड एवं सजा का प्राविधान किया गया है। जिसमें बालिकाओं की उम्र 18 वर्ष एवं बालकों की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गयी है। बताया गया कि यदि आपके आस-पास 18 वर्ष से कम उम्र की किसी लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के किसी लड़के की शादी हो रही है तो वह बाल विवाह माना जायेगा। जिसमें उनकी मदद के लिए आप



1098 , 181, 1090 आदि महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति आदि पर सूचना दे सकते है। जिससे बाल विवाह रोका जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जायेगा। सभी बच्चों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलायी गयी। बच्चों द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु रैली का भी आयोजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत विभिन्न नियमों एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं का पम्पलेट वितरण कर उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अजीत कुमार संरक्षण अधिकारी, पूनम पाल जिला समन्वयक, अंजू द्विवेदी एवं उमा साहू जेण्डर स्पेशलिस्ट, मालती देवी परामर्शदाता, एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, परामर्शदात सविता, रमा मिश्रा सहित समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के स्टाफ तथा अधिक संख्या में बालक एवं बालिकायें उपस्थित रहें।

# करारी थानेदार के संरक्षण में फल फूल रहे अपराधी गरीब कमजोर मजलूम दिखाई पड़ रहे है परेशान

**दलित की भूमिधारी जमीन पर पंचायत भवन बनाकर सरकारी रकम बर्बाद करने में लगे हैं अधिकारी**

**प्रधान के परिवार के आतंक के आगे भयभीत लेखपाल दलित के साथ कर रहा है अन्याय**

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के करारी थाना के अंतर्गत सादिकपुर सेमराहा ग्राम पंचायत में 17 लाख 45 हजार रुपए की लागत से पंचायत भवन का निर्माण शुरू कर दिया गया है लेकिन जिस आराजी संख्या 141 में पंचायत भवन का निर्माण शुरू कराया गया है इस सरकारी भूमि को 20 वर्ष पहले के अधिकारियों ने गांव के भूमिहीन दलित लोगों को पट्टे पर जमीन दे दी जो मुकदमे की सुनवाई के दौरान दलित लोगों के भूमिधरी जमीन बन गई इसके बाद 141 नंबर की सरकारी जमीन शेष नहीं बची जिससे सरकार का अधिकार इस जमीन पर खत्म हो गया अन्य दलितों ने तो इस जमीन में अपना मकान बना लिया लेकिन दादू पुत्र मंगल ने अपने जमीन पर कब्जा को कर लिया झोपड़ी बना लिया लेकिन पक्का निर्माण का पैसा नहीं था जिससे उसका पक्का निर्माण नहीं हो सका दलित की जमीन पर दबंग प्रधान और उनके परिवार के लोगों की नियत खराब हो गई और दलित को बर्बाद करने के उद्देश्य से दलित की जमीन पर पंचायत भवन का निर्माण प्रस्तावित कर दिया सवाल उठता है कि जब 141 नंबर की जमीन सरकार के पास मौजूद नहीं थी तो किस कानून नियम के तहत ग्राम पंचायत भवन के लिए इस जमीन को प्रस्तावित किया गया यही से प्रशासनिक खेल शुरू हो गया और दलित को बर्बाद करना शुरू हो गया मामले की शिकायत अधिकारियों से हुई जांच के नाम पर लेखपाल ने साफ शब्दों में कहा है कि प्रधान के दबाव के आगे वह दलित को न्याय नहीं दे सकता है उसका कहना है कि दलित की जमीन पर पंचायत भवन बनेगा यदि दलित को पट्टा मिला है भूमिधारी हुई है तो वह अपनी जमीन खोजें मामले को लेकर न्यायालय सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी की अदालत में वाद संख्या 713 सन 2025 दादू ने दाखिल किया जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार जरिए जिला अधिकारी कौशांबी उप जिला अधिकारी मंझनपुर तहसीलदार मंझनपुर हल्का लेखपाल सादिकपुर सेमरहा के साथ-साथ गांव सभा मौजा सादिकपुर सेमराहा और हरिमोहन यादव पुत्र राम लखन निवासी सादिकपुर सेमराहा को मुकदमे में पार्टी बनाया गया है मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन कौशांबी ने 20 दिसंबर 2025 को निर्देशित करते हुए लिखा है कि मामले में तथ्य एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत मामले में प्रतिवादिगण को आदेशित किया है कि विवादित आराजी संख्या 141 मौजा सादिकपुर सेमरहा पर 20 जनवरी 2026 तक विधि विरुद्ध रूप से कोई निर्माण आदि कार्य नहीं करेंगे लेकिन अदालत के स्पष्ट आदेश के बावजूद दलित की भूमि पर निर्माण हो रहा है जब अदालत का आदेश दलित के अधिवक्ता लेकर थानेदार करारी के पास पहुंचे तो उन्होंने हलका इंचार्ज को निर्देशित किया लेकिन हल्का इंचार्ज ने जब अदालत के निर्देश पर निर्माण रोकने के लिए दबंग प्रधान और उनके परिवार के लोगों से कहा तो प्रधान पक्ष ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह निर्माण नहीं रोकेंगे पुलिस को जो करना है करें जिससे दबंग प्रधान के आतंक अत्याचार का अंदाजा लगाया जा सकता है हालांकि सादिकपुर सेमराहा प्रधान और उनके परिवार का आतंक अत्याचार पिछले 20 सालों से है जिसे कानून नहीं रोक सका है लोगों की जमीन छीन लेना लोगों के साथ अत्याचार करने की लंबी कहानी है इलाके के दर्जनों लोगों की जमीनों को उनके परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया है विरोध करने पर मारपीट लड़ाई झगड़ा आतंक इस परिवार के चेहरे पर चमक रहा है कौशांबी से लेकर प्रतापगढ़ जनपद तक इन पर और उनके परिवार पर दर्जनों गंभीर मुकदमे दर्ज है लेकिन उसके बाद करारी थाना पुलिस इनसे भय खाती है जिससे दलित को न्याय मिलता नहीं दिख रहा है या फिर यह कहा जाए के करारी थानेदार के संरक्षण में अपराधी फल फूल रहे हैं गरीब कमजोर मजलूम परेशान दिखाई पड़ रहे हैं मामले में यदि अफसरों में जांच कराई तो लेखपाल से लेकर के थानेदार तक के कारनामे बेनकाब होंगे और बीते 20 वर्षों से लगातार अपराध करने वाले लोगों का पूरा आपराधिक काला कारनामा बेनकाब होगा।

## डीपीआरओ कार्यालय में बैठा सफाई कर्मी कर रहा लाखों रुपया महीना की वसूली

**कौशांबी।** गांव में साफ सफाई के लिए जिस सफाई कर्मी की तैनाती के बाद सरकार उसे साल में लाखों रुपए का वेतन दे रही है उस सफाई कर्मी को सफाई की जिम्मेदारी से हटा करके डीपीआरओ कार्यालय में कुर्सी पर बैठा दिया गया है जिससे सफाई कर्मी के हौसले बुलंद हो गए हैं गांव की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है स्वच्छ भारत अभियान का सपना चकनाचूर होता दिख रहा है और वह सफाई कर्मी अपने को राजा महाराजा समझने लगा है जिस काम के लिए सफाई करने को विकास भवन में जिम्मेदारी दी गई है उस कम से पूरे दिन लोगों का शोषण करता है और लोगों को शोषित कर-के उनसे धन की वसूली कर रहा है सब कुछ अफसर के सामने हो रहा है लेकिन अफसर सफाई कर्मी की वसूली को नहीं बंद कर सके जिससे अफसर के भी करनामें पर सवाल खड़े हैं मामला जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में बीमार हुए कर्मचारियों के मेडिकल बिल पास करने से जुड़ा है मेडिकल बिल पास करने के नाम पर सफाई कर्मी सीएमओ साहब को पैसा देने के लिए यह सफाई कर्मी वसूली करता है सवाल उठता है की सफाई कर्मी से सीएमओ साहब पैसा लेते हैं कि नहीं लेते हैं यह तो जांच का विषय है लेकिन पूरे दिन मेडिकल बिल के नाम पर यह वसूली कर रह है मेडिकल बिल भुगतान के लिए विभाग में बजट नहीं है इस बात का हवाला दे करके बीमार कर्मचारियों से यह सफाई कर्मी फिर वसूली करता है कि लखनऊ जाना है बजट स्वीकृत कराना है बजट विभाग को मिलेगा तो मेडिकल बिल का भुगतान हो जाएगा मजबूर बीमार कर्मचारी मेडिकल बिल भुगतान की लालच में इसे फिर दस पांच हजार रुपए की रकम दे देते हैं।

## न्यूज झरोखा

### प्रार्थना सभा को रोचक बनाने से बच्चों की उपस्थिति में होगी वृद्धि



**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** शिक्षा गुणवत्ता संवर्धन को लेकर मंगलवार को शहजादपुर संकुल की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय शीतलपुर में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित एआरपी शबीना बानो बताया कि विद्यार्थियों के निपुण आकलन का कार्य 27 जनवरी से शुरू हो रहा है। उसके लिए सभी शिक्षक अभी से तत्परतापूर्वक जुट जाए और प्रतिदिन बच्चों का निपुण प्लस ऐप से शत प्रतिशत असिसमेंट करें। जिससे सभी का विद्यालय निपुण हो सके। पूर्व एआरपी राम कृष्ण साहू ने कहा कि ठंड के समय अक्सर प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रहती है विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए व प्रार्थना सभा में अधिक से अधिक छात्र उपस्थित हो सके इसके लिए प्रार्थना सभा को रोचक बनाने व कुछ गतिविधियां जैसे सामाजिक विज्ञान की कविताएं कहानी, योग आदि को शामिल किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों की उपस्थित व ठहराव हो सके। बैठक में संकुल शिक्षक राकेश सिंह ,प्रतिभा सिंह, अरुण मिश्रा, प्रदीप सिंह, कमलेश कुमारी, संतोष कुमार, रिया सेठी, माया सिंह, शिववरन सहित संकुल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

### कड़ाके की ठंड के बीच राजस्व टीम ने जलवाए अलाव



**कड़ा कौशाम्बी।** क्षेत्र में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप चरम पर है गिरते तापमान और हाड़ कंपाने वाली ठंड से आम जनमानस बेहाल है इस भीषण ठंड को देखते हुए तहसील प्रशासन ने राहत कार्यों में तेजी ला दी है एसडीएम सिराथू के निर्देश पर सैनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलमीपुर गनपा में जीटी रोड की सर्विस लेन पर अलाव की व्यवस्था की गई है जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है ठंड के बढ़ते सितम को देखते हुए एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे इसी क्रम में हल्का लेखपाल अमन सिंह ने गुलमीपुर गनपा सर्विस रोड पर भारी मात्रा में लकड़ी भेजी जीटी रोड पर वाहनों के दबाव और यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए यह स्थान बेहद महत्वपूर्ण था जहाँ अब अलाव जलने से लोग ठंड से बच पा रहे हैं सर्विस रोड पर अलाव जलने से लंबी दूरी के मुसाफिरों और क्षेत्रीय दुकानदारों ने राहत की सांस ली है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की यह पहल सराहनीय है क्योंकि खुले स्थान पर ठंड का असर सबसे अधिक होता है लेखपाल अमन सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार ठंड से बचाव के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है और आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर भी अलाव की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में दिनांक 23.12.2025 को आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

### दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा हेतु कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रो की कार्यत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**हररायपुर कौशांबी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा के निर्देशन और श्रीमती हिना सिद्दीकी खण्ड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज,व अवधेश कुमार पाण्डेय जिला समन्वयक समेकित शिक्षा के कुशल मार्गदर्शन मे 23 दिसंबर 2025 को बीआरसी कार्यालय मूरतगंज में दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा हेतु कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रो की कार्यत्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के अवसर पर श्रीमती रेनू वर्मा ने दिव्यांगो की सरकारी सुविधाओं आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।कार्यक्रम में 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गयो प्रशिक्षण में चाय तथा लंच भी वितरित किया गया।प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में स्पेशल एजुकेटर राम बहादुर कुशवाहा एवं वशिष्ठ नारायण शुक्ल द्वारा दियांग बच्चो के लिए आंगनवाडी प्रोटोकाल, दिव्यांग बच्चों कि शीघ्र पहचान व शीघ्र हस्तक्षेप,दिव्यांगता के बाधाओं की पहचान व निदान आदि बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा की गईप्रशिक्षण मे सन्दर्भ दाता राम बहादुर कुशवाहा एवं वशिष्ठ नारायण शुक्ल, एवं बीआरसी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई चौधरी चरण सिंह की जयंती



**कल्याणपुर कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के मालक रेजमा ककोड़ा स्थित चौधरी चरण सिंह जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को किसान नेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई है इस मौके पर चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया है और उनके कार्यों की चर्चा की गई है इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा किया है कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर उनका हौसला बढ़ाया गया है इस मौके पर अध्यक्ष गौरीशंकर प्रबंधक थानेश्वर सिंह चांदी लाल प्रधानाचार्य विजय कुमार द्विवेदी सहित तमाम अभिभावक क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति और विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्विफ्ट डिजायर सवार युवक ने जन सेवा केंद्र संचालक को लगाया 96,500 का चूना

**कड़ा कौशाम्बी।** सैनी थाना अंतर्गत गुलमीपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जन सेवा केंद्र संचालक से स्विफ्ट डिजायर कार सवार युवक ने 96,500 रुपये की ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवाई और बिना नगद भुगतान दिए मौके से फरार हो गया स्विफ्ट डिजायर कार से आए व्यक्ति ने जन सेवा केंद्र संचालक बलधीर पटेल उर्फ रितिकेश कुमार पुत्र धनपत सिंह पटेल निवासी गनपा चकिया गांव से संपर्क किया जालसाज ने संचालक को झांसा दिया कि उसे तुरंत ऑनलाइन पैसों की जरूरत है उसने यह भी लालच दिया कि वह इस ट्रांजेक्शन के बदले 2,000 रुपये अतिरिक्त नगद कमीशन देगा जालसाज की बातों में आकर बलधीर पटेल उर्फ रितिकेश कुमार ने उसके बताए गए अकाउंट में 96,500 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए जैसे ही पैसे ट्रांसफर हुए आरोपी व्यक्ति नगद देने के बजाय अपनी स्विफ्ट डिजायर कार लेकर रफूचक्कर हो गया ठगी का एहसास होते ही केंद्र संचालक के होश उड़ गए घटना की सूचना दोपहर करीब 3:00 बजे स्थानीय पुलिस को दी गई।

### व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड ने जलाया अलाव



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** दिन प्रतिदिन कड़ाके की ठंड बढ़ रही है गरीब कमजोर ठंड से कांप रहे हैं प्रशासनिक व्यवस्था पर्याप्त नहीं है बढ़ते ठंड के बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने क्षेत्र में अलाव जलाकर गरीब कमजोर असहाय लोगों को ठंड से राहत देने का प्रयास किया है व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ के पदाधिकारीयों ने ठंड और गलन को देखते हुए मार्केट में अलाव की व्यवस्था करके जलवाया गया आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके व्यापार मंडल के पदाधिकारी सुभाष केसरवानी अध्यक्ष, मदन कुमार केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष,दीपक केसरवानी, मनीष केसरवानी ,छोटू केसरवानी, राजकुमार केसरवानी, ऋषभ पटेल, ओम प्रकाश सोनी,आशुतोष केसरवानी आदि लोगों के सहयोग से बाजार क्षेत्र में अलाव जलाए गए हैं जिसकी लोगों ने खुले मन से सराहना किया है।

## सम्पादकीय

# देश में ध्रुवीकरण की कोशिशें तेज

**बिहार** चुनाव जीतने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प.बंगाल और असम जैसे चुनावी राज्यों में सक्रिय हो गए हैं। बीते दो दिनों में उनकी दो सभाएं प.बंगाल और असम में हुईं। प.बंगाल के नादिया जिले में उनका हेलीकॉप्टर धुंध की वजह से न उतर सका तो उन्होंने कोलकाता से ही वर्चुअली सभा को संबोधित किया, जिसमें बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकाल बाहर करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि नादिया में उनके खिलाफ पोस्टर और बैनर लगे थे, जिसके बाद सवाल उठता है कि क्या श्री मोदी विरोध का सामना करने से डर गए और इसलिए धुंध को लौटने का कारण बताया जा रहा है। क्योंकि पंजाब चुनाव के वक्त वे किसानों के विरोध की वजह से बीच रास्ते से लौट आए थे और तब उन्होंने कहा था कि अपने मुख्यमंत्री से कहना मैं जिंदा वापस लौट आया। लोकतांत्रिक देश में जनता के विरोध को जान पर खतरे की तरह दिखाना यह बताता है कि प्रधानमंत्री को लोकतंत्र में जनता को मिले अधिकार सुहाते नहीं हैं। खैर, ठंड का मौसम बीतेगा और धुंध खत्म होगी, तब तो नरेन्द्र मोदी को बंगाल में प्रचार के लिए जाना ही होगा, तब अगर विरोध होता है, तो कितनी बार वे लौटेंगे, ये देखना होगा।
प.बंगाल में नरेन्द्र मोदी असम गए और वहां उन्होंने इतिहास की गलत बयानी कर पं.नेहरू और कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। लेकिन इस कोशिश में श्री मोदी ने खुद को उपहास का पात्र बना दिया है कि आखिर कब तक वे इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करेंगे। दरअसल श्री मोदी ने 20 दिसंबर को गुवाहाटी में आरोप लगाया कि 'कांग्रेस ने स्वतंत्रता से पहले ही इस जगह की पहचान मिटाने की साजिश रची थी, जब मुस्लिम लीग और ब्रिटिश ताकतें मिलकर भारत को बांटने की जमीन तैयार कर रही थीं, उस समय असम को भी पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की योजना थी। कांग्रेस भी उस साजिश का हिस्सा बनने वाली थी। तब बोरदोलोई जी ने अपनी पार्टी के खिलाफ खड़े होकर असम की पहचान मिटाने की इस कोशिश का विरोध किया और असम को देश से अलग होने से बचाया।'

लेकिन हकीकत यह है कि मार्च 1946 में ब्रिटिश सरकार ने भारतीय राजनीतिक नेतृत्व को सत्ता हस्तांतरण पर चर्चा करने के लिए तीन ब्रिटिश कैबिनेट सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था, जिसमें ब्रिटिश भारत के लिए तीन स्तरीय प्रशासनिक संरचना का प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें शीर्ष स्तर पर संघीय संघ, निचले स्तर पर अलग-अलग प्रांत और मध्य स्तर पर प्रांतों के समूह थे। उत्तर-पश्चिम भारत, पूर्वी भारत और भारत के शेष मध्य भागों के लिए समूह ए, बी और सी नामक तीन समूहों का प्रस्ताव रखा गया था। समूह ए में हिंदू बहुल प्रांत (जैसे बॉम्बे, मद्रास, यूपी) थे, समूह बी में मुस्लिम बहुल प्रांत (पंजाब, सिंध, उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत) थे और समूह सी में बंगाल और असम, जिसमें बंगाल मुस्लिम बहुल था, जबकि असम हिंदू बहुल। मुस्लिम लीग चाहती थी कि पूरा समूह सी पाकिस्तान का हिस्सा बने। लेकिन कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं थी।

# राम के नाम पर रोजगार गारंटी का 'राम नाम सत्य'

**गौरव जायसवाल**

**मनरेगा** में काम की मांग जमीन से आती थी, लेकिन 'वी बी जी राम जी' के इस नए कानून में केन्द्र सरकार तय करेगी कि किस राज्य को कितना आबंटन होना है। अब एक प्रश्न यह है कि दिल्ली में बैठा बाबू कैसे तय करेगा कि राजस्थान में कितने वॉटर शेड बनने हैं या मध्यप्रदेश में कितने तालाब! यानी मूल तौर पर ये नया कानून कहता है कि अब बजट केन्द्र सरकार आधा ही देगी लेकिन फैसले सारे दिल्ली में होंगे। भारत सरकार द्वारा संसद में मनरेगा को हटाकर, 'वी बी-जी राम जी' नाम से नया रोजगार कानून लाया गया है। जल्दबाजी में किये गये इस बदलाव पर संसद में विपक्ष द्वारा की गई बहस भी मनरेगा जैसे व्यापक कार्यक्रम के संदर्भ से बहुत ही कमजोर रही। जिससे ये जाहिर होता है कि आज सत्ता के साथ विपक्ष में बैठे जनप्रतिनिधि भी जमीनी हकीकत से कितने दूर हैं। जो बहस ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था, सामाजिकता और राजनीति पर हो सकती थी वह महात्मा गांधी के नाम को हटाने पर सीमित होकर रह गई। आने वाले समय में इसका खामियाजा देश के मजदूरों को उठाना होगा।
दो दशकों के बाद हुए इस बदलाव के मद्देनजर जरूरी है कि एक बार मनरेगा के पूरे सफर को समझने की कोशिश की जाये और ये भी समझने की कोशिश की जाये कि नये कानून से क्या बदलेगा और कैसे बदलेगा। दरअसल, 2005 में मनरेगा एक कानून की तरह लाया गया। देखने में यह एक सरकारी योजना जैसा लगता है, लेकिन इसके पीछे की बड़ी सोच यह थी कि योजना के छोटे दायरे में रखने के बजाय इसे कानून बनाया जाये और इस तरह देश के हर ग्रामीण नागरिक को रोजगार का कानूनन अधिकार इस बिल ने दिया। सरकारी योजना एक तरह से सरकारी कृपा की तरह लोगों तक पहुंचती है लेकिन मनरेगा अधिकार के रूप में लोगों तक पहुंचा। इसीलिए इसे रोजगार सृजन कार्यक्रम की तरह न देखते हुए देश के हर ग्रामीण नागरिक के सशक्तिकरण के कदम की तरह देखा जाना चाहिये। यही कारण है कि इसे हटाने के लिए भी सरकार को आज संसद में इतना जोर लगाना पड़ रहा है।
इससे पहले की ये समझा जाये के मनरेगा से क्या हुआ, पहले इस अंतर को समझते हैं कि मनरेगा कैसे संसद में पास हुआ था और 'वी बी जी राम जी' कैसे पास हुआ है! मनरेगा कानून का प्रारूप बनने से पहले 2003-04 में देश के कई ग्रामीण इलाकों में मजदूर संगठनों द्वारा ऐसे एक कानून की मांग की मुहिम शुरू हुई, हालांकि ये मांग नई नहीं थी लेकिन पहली बार एक निर्णायक मांग की तरह जगह-जगह सामाजिक कार्यताओं और मजदूर संगठनों ने ऐसे कानून की तैयारी शुरू की। जिसके नतीजतन जनांदोलनों द्वारा बनाए गए पहले प्रारूप को 2004 में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में प्रस्तुत किया गया, जहां इस पर पहली चर्चा हुई। फिर वहां से बिल प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचा, वहां से ग्रामीण विकास मंत्रालय और फिर लोकसभा में पेश हुआ। लोकसभा में आने के बाद मनरेगा का ये विधेयक संसद की स्थायी समिति में गया जहां फिर इसमें कई संशोधन किये गये। यहां गौरतलब बात ये है कि तब इस समिति के मुखिया भाजपा सांसद कल्याण सिंह हुआ करते थे। समिति से आने के बाद सारे संशोधनों को शामिल करते हुए 2005 में जब ये कानून संसद से पास हुआ तो पूर्ण सर्वसम्मति से सभी दलों ने इसका समर्थन किया था। वहीं 'वी बी जी राम जी' के मामले में दिल्ली में बैठे अफसरों द्वारा तैयार प्रारूप को संसद के पटल पर रख दिया गया। जनता से राय-सुझाव मांगना तो दूर की बात है, यह प्रारूप स्थायी समिति को भी न भेजकर, विपक्ष के विरोध और नारेबाजी के बीच ध्वनि मत से पारित करवा दिया गया। जिन राज्य सरकारों से इसके अनुपालन में बजट की हिस्सेदारी अपेक्षित है उन तक से कोई संवाद नहीं किया गया। यानी एक तरफ मनरेगा जमीनी आवाज के तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से होकर संसद पहुंचा था वहीं 'वी बी जी राम जी' मुठ्ठी भर अफसरों का कारनामा है जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय से होकर देश में लागू कर दिया गया है।
अब देखते हैं कि पिछले बीस सालों में




मनरेगा से क्या देश को कोई फायदा हुआ? 2005 में जब मनरेगा लागू हुआ, ये इतना व्यापक कानून था कि पूरे देश मे लागू होने में ही इसे लगभग तीन साल लगे। पहले वर्ष में जब ये नरेगा हुआ करता था तब बजट में 11.3 हजार करोड़ का पहला आबंटन हुआ। वहीं पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा में 86 हजार करोड़ का आबंटन हुआ। इन पिछले बीस वर्षों में कुल लगभग साढ़े 10 लाख करोड़ रुपये अलग-अलग सरकारों द्वारा मनरेगा को आवंटित किये गये। इस साढ़े 10 लाख करोड़ से क्या हुआ- इसे यदि सतही तौर पर समझा जाये तो ग्रामीण क्षेत्रों में कई तालाब, ट्रेंच, वॉटर शेड, सड़क, शौचालय जैसे निर्माण कार्य हुए और इस प्रक्रिया में मजदूरों को काम मिला। काम मिलने से संभवतः पलायन भी कम हुआ होगा। लेकिन मनरेगा जैसे व्यापक विचार को सिर्फ रोजगार सृजन के कार्यक्रम की तरह देखना ही सबसे बड़ी चूक होगी। इसे एक आर्थिक नीति की तरह देखा जाना चाहिये जिसने जमीन पर कुछ सामाजिक और राजनैतिक प्रभाव भी पैदा किये।
पहला तो यह कि जो विशाल धनराशि मनरेगा में खर्च हुई, वह केंद्र सरकार की तिजोरी से सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पहुंची, जिससे पिछले बीस वर्षों में भारत के गांवों में विकसित हो रहे बाजार को बड़ी बहुत बड़ी मदद मिली। मजदूर के पास आए पैसे की विशेषता यह होती है कि वह रुकता नहीं है, सीधे बाजार में आता है और इसीलिए मनरेगा में खर्च हुए इस पैसे ने गांव-गांव में कपड़े, राशन किराना, हार्डवेयर, मोबाइल फोन जैसे व्यापार को बढ़ाया। आज गांवों कस्बों में जो हम ये दुकानें देखते हैं, उसमें मनरेगा के इस साढ़े 10 लाख करोड़ की बड़ी भूमिका है।
दूसरा बड़ा काम यह हुआ कि जैसे-जैसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पैसा बढ़ा, देश के गांव भी बड़े बाजार का हिस्सा होते गए। एक उदाहरण के तौर पर महिन्द्रा, फोर्स मोटर्स, बजाज मोटर्स, हीरो जैसी बड़ी कंपनियां- जो बोलेरो, मार्शल, ट्रैक्स, तूफान जैसे एसयूवी के मॉडल ग्रामीण भारत को ध्यान में रखकर बाजार में लाई, उनमें बम्पर सेल मिली। वहीं बजाज, हीरो और टीवीएस जैसी कंपनियों ने कम कीमत की मोटर साइकिलों की जोरदार बिक्री गांवों में की। आज यही कंपनियां भारत में बनी अपनी गाड़ियां विदेशों को निर्यात करने लगी हैं जिससे देश की जीडीपी बढ़ती है और सरकार बढ़ती अर्थव्यवस्था के आंकड़े दिखा पाती है। इस वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा मनरेगा का यही बजट था।
तीसरा एक बड़ा काम यह हुआ कि ग्राम पंचायत एक संस्था के रूप में और सशक्त हुई। ग्राम पंचायतों को रोजगार सहायक के रूप में एक सहयोगी मिला। आम नागरिकों और ग्राम पंचायतों के बीच संपर्क, संवाद और निर्भरता बढ़ी, जो ग्राम स्वराज की दिशा में बड़ा कदम रहा।
चौथा, लगभग सभी बड़े राज्यों में त्रिस्तरीय पंचायतों में महिलाओं का आरक्षण है, वहीं अनुसूचित क्षेत्रों में आरक्षण भी है जो इस व्यवस्था में हाशिये के समुदायों को प्रतिनिधित्व का मौका देता है। मनरेगा ने त्रिस्तरीय व्यवस्था में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और अनुसूचित जाति-जनजाति से आने वाले लोग हैं उन्हें पद के साथ आर्थिक निर्णय लेने की ताकत दी। जिससे इन समुदायों से सक्षम नेतृत्व निकलने के रास्ते खुले।
पांचवा, मनरेगा की व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए दो बड़ी बातें थीं एक था- सोशल ऑडिट, जो ग्रामीण नागरिकों को मनरेगा के अंतर्गत हुए कामों का पूरा हिसाब मांगने की ताकत देता था। दूसरा, आज सरकार नये बिल में टेक्नालॉजी की दलील दी रही है, लेकिन मनरेगा का सूचना प्रबंधन तंत्र 2005 में ही इतना सक्षम था कि देश के हर गांव के हर मजदूर को हुए भुगतान से लेकर काम की सारी वित्तीय जानकारी वेबसाइट में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध थी, जिसके लिए देश के किसी भी नागरिक को सूचना के अधिकार के तहत न कोई जानकारी मांगने की जरूरत थी, न किसी लॉग इन आईडी और पासवर्ड की।
हमारे संविधान की प्रस्तावना न्याय के संवैधानिक मूल्य के अंतर्गत जिन तीन तरह के न्याय की बात करती है- सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और राजनैतिक न्याय, मनरेगा असल में इन तीनों पैमानों में देश के सबसे हाशिये के समुदायों को सशक्त करने की ओर एक कदम था। ऐसा नहीं है, कि मनरेगा में कोई समस्या नहीं थी। बीस वर्षों बाद समीक्षा और सुधार की बड़ी गुंजाइश भी बनी, लेकिन सरकार ने सुधार करने की जगह इसे बंद कर नया कानून लाना चुना है। अब बात करते हैं नए कानून की। 'वी बी जी राम जी' नाम की इस नई व्यवस्था को सरकार जितने गुपचुप तरीके से लाई है, पहले तो यही बात आम नागरिकों के मन में संदेह पैदा करने पर्याप्त है। फिर भी बिंदुवार इसके दो आवश्यक पहलुओं को समझते हैं। इस नए कानून में एक सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि अब इसके क्रियान्वयन के लिए 40प्रतिशत तक का बजट राज्य सरकारों को देना है। अब इस समय जहां लाड़ली बहना योजना जैसे कार्यक्रमों के चलते राज्य सरकारें भयंकर वित्तीय दबाव से गुजर रही हैं।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर बहरियाबाद बाजार में निकली जागरूकता रैली, पुलिस व मिशन शक्ति टीम रही सक्रिय

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।जनपद** के बहरियाबाद थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बहरियाबाद बाजार में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में थानाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह पुलिस बल एवं मिशन शक्ति टीम के साथ उपस्थित रहे और शांति व्यवस्था के दृष्टिगत रैली को सकुशल सम्पन्न कराया।
रैली के दौरान बाजार क्षेत्र में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह ने लोगों से अपील




करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। नशे की लत से न केवल स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, बल्कि सामाजिक अपराधों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर लोगों को अवैध गांजा, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री और तस्करी के संबंध में पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा यह भरोसा दिलाया गया कि ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना देने वालों का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा तथा उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और युवतियों को नशे से होने वाले सामाजिक व पारिवारिक नुकसान के बारे में जानकारी दी और सुरक्षित व सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

## रहे सुरक्षित हर रोज हेल्पलाइन नंबरों का करें प्रयोग

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । कम्युनिटी** पुलिसिंग एवं नारी सशक्तिकरण, सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत ,अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक , शुभम अग्रवाल ,के पर्यवेक्षण में साइबर जागरूकता, पुलिस की कार्यप्रणाली व कानूनी प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। डरे नहीं-सहे नहीं, चुप्पी तोड़े-आवाज उठायें किसी भी आपात स्थिति में विभिन्न



हेल्पलाईन नम्बरों के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। महिला सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं यथा- हेल्प डेस्क, महिला साइबर सेल, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, महिला पुलिस बूथ (पिंक बूथ), महिला पुलिस बीट, मिशन शक्ति केंद्र व महिला पीआरवी वाहन सहित व महिला हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

## तेल आपूर्ति के गणित को बदल रही है भूराजनीति

**– के रवींद्रन**



**अमेरिका** रिकॉर्ड स्तर के करीब पंप करना जारी रखे हुए है, ब्राजील और गुयाना और बैरल जोड़ रहे हैं, और कई ओईसीडी देशों में मांग फिर से बन रही है। इस पृष्ठभूमि में, रूसी बैरल के एक ज्यादा सामान्य व्यापार प्रणाली में संभावित जुड़ाव का बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर पड़ा है।
फरवरी 2021 के बाद पहली बार तेल की कीमतें $60 प्रति बैरल से नीचे आ गई हैं और यूरोपियन गैस की कीमतों में भारी गिरावट अन्य वस्तुओं में चक्रीय गिरावट से कहीं ज्यादा है। ये ऐसे समय में भूराजनीतिक जोखिम की तेजी से पुनर्मूल्य निर्धारण का संकेत देते हैं जब कूटनीति, ऊर्ध्वगामी होने के बजाय, बाजार की मानसिकता पर हावी होने लगी है। नवंबर के बीच से यूरोपियन गैस की कीमतों में लगभग 16 प्रतिशत की गिरावट और कच्चे तेल में नई कमजोरी के बाद ऐसे संकेत मिले हैं कि अगर यूक्रेन विवाद खत्म करने के लिए बातचीत आगे बढ़ती है तो रूसी तेल कंपनियों पर लगे प्रतिबंध में ढील दी जा सकती है। यह संभावना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे से और मजबूत हुई है कि युद्ध के किसी भी पहले के चरण की तुलना में समझौता ज्यादा करीब हो सकता है। बाजार ने ठोस नीतिगत बदलावों पर कम और बदलती उम्मीदों पर ज्यादा प्रतिक्रिया दी है। 2022 की शुरूआत से, तेल और गैस की कीमतों में काफी भूराजनीतिक वृद्धि रही है, जो आपूर्ति में रुकावट, प्रतिबंध और वैश्वक ऊर्जा व्यापार के टूटने के डर से जुड़ा है। वह वृद्धि अब खत्म हो रही है। अमेरिका रिकॉर्ड स्तर के करीब पंप करना जारी रखे हुए है, ब्राजील और गुयाना और बैरल जोड़ रहे हैं, और कई ओईसीडी देशों में मांग फिर से बन रही है। इस पृष्ठभूमि में, रूसी बैरल के एक ज्यादा सामान्य व्यापार प्रणाली में संभावित जुड़ाव का बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर पड़ा है। रूसी कच्चा तेल बाजार से कभी पूरी तरह गायब नहीं हुआ, लेकिन पाबंदियों की वजह से इसे छूट पर बेचने, लंबे शिपिंग रूट और खरीदारों का ग्रुप कम करने पर मजबूर होना पड़ा। अगर रूसी तेल कंपनियों पर लगी पाबंदियां हटा दी जाती हैं या उनमें ढील दी जाती है, तो मॉस्को को उत्पादन और निर्यात में ज्यादा लोच मिलेगी, जबकि खरीदारों को कम अनुपालन जोखिम का सामना करना पड़ेगा। बड़े मार्केट के लिए, इसका मतलब होगा कि उपलब्ध आपूर्ति में असरदार बढ़ोतरी होगी और उन कमियों में कमी आएगी, जिन्होंने पिछले तीन सालों में बैलेंस को कड़ा किया है।
यूरोपियन गैस की कीमतें भी कुछ ऐसी ही कहानी कहती हैं। हालांकि रूसी पाइपलाइन गैस के जल्द ही युद्ध से पहले के परिमाप पर लौटने की उम्मीद नहीं है, लेकिन कोई भी कूटनीतिक नरमी उन जोखिमों को कम करती है जो 2022 से बाजार को परेशान कर रहे हैं। यूरोप ने एलएनजी आयात क्षमता,भंडारीकरणऔर मांग में कमी लाने में भारी निवेश किया है, जिससे यह ढांचा के हिसाब से ज्यादा मजबूत बन गया है। फिर भी, कीमतों में मॉस्को के साथ लंबे समय तक टकराव के डर से जुड़ा जोखिम प्रीमियम बना हुआ है। जैसे-जैसे बातचीत की बातों पर भरोसा बढ़ रहा है, वह प्रीमियम कम हो गया है, जिससे सर्दी आने के बावजूद बेंचमार्क गैस की कीमतों में भारी गिरावट आई है।
कम तेल और गैस की कीमतें महंगाई के दबाव को कम करती हैं, व्यापार संतुलन में सुधार करती हैं, और केन्द्रीय बैंकों को ज्यादा नीतिगत लोच देती हैं। खासकर यूरोप को गैस की कीमतों में लगातार राहत से फायदा होगा, जो 2022 से औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता पर एक बड़ा बोझ रही हैं। रसायन, धातु, और रासायनिक खाद जैसे ऊर्जा की गहनता वाले क्षेत्र में लाभ में सुधार हो सकता है, जबकि घरों को गर्म रखने में और बिजली का खर्च कम होगा।
फिर भी, लंबे समय की अनिश्चितताएं भी हैं। कीमतों में लंबे समय तक कमी से अपस्ट्रीम तेल और गैस परियोजनाओं में निवेश कम हो सकता है, खासकर ज्यादा लागत वाले क्षेत्रों में। यह जोखिम तब और भी ज्यादा हो जाता है जब उत्पादक एक नई बाजार-शेयर की लड़ाई की उम्मीद करते हैं जो कीमत की स्थिरता के बजाय मात्रा को प्राथमिकता देती है। आज कम निवेश से दशक के आखिर में बाजार तंग हो सकते हैं, खासकर अगर मांग मौजूदा उम्मीदों से ज्यादा मजबूत साबित होती है।
ऊर्जा संक्रमण एक और मुश्किल पैदा करता है। खनिज ईंधन की कीमतों में कमी गैर पारंपरिक ऊर्जा उपायों को अपनाने की गति को धीमा कर सकती हैं। साथ ही, कम ऊर्जा लागत का सामना करने वाली सरकारों को जलवायु नीतियों को बनाए रखना या उन्हें और मजबूत करना राजनीतिक रूप से आसान लग सकता है। कुल असर हर क्षेत्र में अलग-अलग होगा, लेकिन भूराजनीतिक कीमतों और संक्रमण के बीच तालमेल ऊर्जा बाजार की एक खास पहचान बने रहने की संभावना है। मौजूदा घटना के बारे में जो बात चौंकाने वाली है, वह है तेजी से माहौल का बदलना। पिछले तीन सालों में ज्यादातर समय, ऊर्जा बाजार पर सबसे खराब हालात हावी थे जैसे यूक्रेन में तनाव बढ?ा, कड़े प्रतिबंध, और बड़े उत्पादकों द्वारा जानबूझकर आपूर्ति में कटौती। मौजूदा बिकवाली से पता चलता है कि व्यापारी अब तनाव कम होने, व्यापार के बहाव के सामान्य होने, और ज्यादा प्रतिस्पर्धात्मक आपूर्ति माहौल को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। यह आशावाद आखिरकार सही साबित होगा या नहीं, यह समझौता वार्ता के नतीजों और किसी भी राजनीतिक समझौते की स्थिरता पर निर्भर करेगा।

## समाजवादी पार्टी भदोही ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी का 122 वां जन्मदिवस मनाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । चौधरी** साहब जयंती भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी का 122 वां जन्मदिवस समाजवादी पार्टी बसवांपुर चौराहा पर चौधरी साहब के प्रतिमा समक्ष किसान दिवस के रूप में मनाया गया समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा चौधरी चरण सिंह जी देश के पांचवें प्रधानमंत्री थे चौधरी साहब ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता व ग्रामीण परिवेस की मयार्दा में जिये किसानों के नेता माने जाते रहे उनकी बदौलत जमादारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला उन्होंने लेखपाल के पद पर सृजन भी किया किसानों के हित में उन्होंने



1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया केंद्र सरकार में गृह मंत्री बने तो उन्होंने मंडल और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की 1979 में वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की स्थापना भी की जिनका संपूर्ण जीवन गरीब किसान मजदूर के हक में लिए संघर्ष करते विता उनके पद चिन्हों पर चलकर समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लेता हूं ।

## सांसद खेल महोत्सव का भव्य उद्घाटन, 500 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**ब्यूरो रिपोर्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय**

**गाजीपुर ।जिला** खेल कार्यालय गाजीपुर एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित मा0 सासंद खेल महोत्सव का उद्घाटन डॉ0 संगीता बलवंत बिन्द सांसद राज्य सभा के कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर सरिता अग्रवाल मा0 अध्यक्ष नगर पालिका गाजीपुर एवं परियोजना निदेशक दीनदयाल वर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, सांसद खेल महोत्सव के संजोजक राजन प्रजापति, साधना राय, लालसा भारद्वाज, कु0 प्रीति गुप्ता, रासबिहारी राय, सन्तोष जायसवाल, मुन्ना राय, खो-खो संघ के सचिव



विपिन बिहारी राय, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह उपस्थित थे, सभी अतिथियों का स्वागत क्रीड़ा अधिकारी अरविन्द यादव के द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता पर सांसद ने नेशनल विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा भविष्य में गाजीपुर के खेल को आगे बढ़ाने हेतु हर सम्भव सहायता करने का आश्वासन दिया। खो-खो बालिका वर्ग, एथलेटिक्स बालक/बालिका वर्ग, फुटबाल बालक/बालिका वर्ग एवं क्रिकेट बालक/बालिका वर्ग के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, खो-खो खेल में कुल 05 टीमों ने प्रतिभाग किया।

## किसान दिवस पर प्रदर्शनी , संगोष्ठी आयोजित,प्रगतिशील 50 कृषकों को सांसद, जिपं अध्यक्ष, जिलाधिकारी, ने किया

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । पूर्व** प्रधानमंत्री स्व० चौधरीचरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का भव्य आयोजन चित्रांगन लॉन ज्ञानपुर में डा०विनोद बिन्द मा० सांसद भदोही की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उप कृषि निदेशक, डा० अश्वनी कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्व० चौधरी चरण सिंह जी द्वारा किसानों के हित में अनेक कार्य किये गये। उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद करने के लिए किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जनपद व विकास खण्डों में उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले कृषकों को पुरस्कृत



किया जाता है। कु० ईरम जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद में कृषि निवेश की जानकारी दी गयी। डा० विनोद कुमार उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा जानवरों को ठण्ड से बचाव व रोगों का टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गयी। अमित कुमार सिंह प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। डा० शिशिर कुमार कृषि वैज्ञानिक सुआट्स नैनी प्रयागराज द्वारा गेहूँ के फसल की सिंचाई एवं खरपतवारनाशक के बारे में जानकारी दी गयी। चन्द्रशेखर सिंह जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा द्वारा किसानों को धन्यवाद देते हुए कहा की किसान बड़ी ईमानदारी से मेहनत करके अन्न उपजाता है और देश का पेट भरता है। श्रीमती ममता सिंह यादव जिला उद्यान अधिकारी भदोही द्वारा बताया गया कि जायद की सब्जी के लिए कद्दू वर्गीय सब्जी का बीज उपलब्ध है। इसमें नेनुआ, लौकी, कद्दू के संकर बीज उपलब्ध है। कृषक अपना रजिस्ट्रेशन कराकर बीज प्राप्त कर सकते हैं या कार्यालय में खतौनी, पासबुक एवं आधार कार्ड लेकर आ जायेंगे।

## गरीबों,वंचितो,वनवासियों के बीच पहुंचकर डीएम ने कंबल ओढाकर दिया शासकीय गर्माहट

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । कड़ाके** की ठंड व शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश के क्रम में जनपद के सभी तहसीलो ,नगर पालिकाओ/नगर पंचायतो में अधिकारियों द्वारा जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा देर शाम जोरई स्थित वनवासी बस्ती में झुग्गी झोपड़ियो में पहुंचकर 30 जरूरतमंद व्यक्तियो को स्वंय कम्बल का वितरण किया। ग्रामीणों से संवाद के क्रम में जिलाधिकारी ने दो सोलर लाइट व रिबोर कराने का निर्देश दिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने खावावीर पहुंचकर 25 गरीबों , वंचित लोगों को कम्बल का वितरित



किया। कंबल पाकर वंचितों के चेहरे पर खुशी व आत्मीय मुस्कान दिखी,उन्होंने मा. मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन को धन्यवाद व आभार दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदारो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंद व्यक्तियो को चिन्हित करते हुए तथा मलिन बस्तियों में कम्बल का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा अलाव जलाने की व्यवस्था प्रत्येक प्रमुख चैराहो पर हो।

# जिले में स्वास्थ्य व शिक्षा इकाइयों की जमीनी पड़ताल, निरीक्षणों से खुलीं व्यवस्थाओं की हकीकत

- नीति आयोग व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा
- स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति बनीं चर्चा का विषय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए निरीक्षणों का सिलसिला तेज हो गया है। 21 दिसंबर को आयुक्त की अध्यक्षता में हुई मंडलीय समीक्षा बैठक में डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ से मिले फीडबैक के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपर एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिले के सात सीएचसी, 28 पीएचसी और 145 उपकेंद्रों की निगरानी तय की गई है, जहां ड्यूटी में लापरवाही, अनुपस्थिति और सुविधाओं की कमी पहले भी सामने आती रही है। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, लैब जांच, जननी सुरक्षा योजना, एनबीएसयू वार्ड, सफाई, पेयजल, सर्दी के मद्देनजर हीटर-कंबल और स्टाफ की उपस्थिति की जांच पर जोर दिया गया है। इसी क्रम में नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी दीपक अग्रवाल ने जिला राजकीय पुस्तकालय, अभ्युदय कोचिंग सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी रैपुरा और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बांधी का औचक निरीक्षण किया। पुस्तकालय और कोचिंग केंद्रों में छात्रों ने लंबी दूरी, सीमित संसाधन और सुविधाओं की जरूरतों को सामने रखा। रैपुरा डिजिटल लाइब्रेरी में कक्षों की कमी और अलग शौचालय की मांग उठी, वहीं अभ्युदय कोचिंग में अध्ययन समय बढ़ाने, टैबलेट, हीटर और मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा हुई। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बांधी में दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की निगरानी और कुपोषित बच्चों के उपचार पर फोकस रहा। निरीक्षणों के दौरान सामने आई तस्वीर ने साफ किया कि व्यवस्थाएं मौजूद हैं, लेकिन नियमित निगरानी और सुधार की जरूरत अब भी बनी हुई है।


समीक्षा में जांच करते अधिकारीगण

### औषधीय पौधों पर शोध बना पहचान, ग्रामोदय की छात्रा को यंग साइंटिस्ट सम्मान

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान विषय से शोधरत शोधार्थी प्रिय दर्शिका रानी को 13वीं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन इंटरनेशनल साइंस कम्यूनिटी एसोसिएशन इंदौर के तत्वावधान में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या में संपन्न हुआ। प्रिय दर्शिका रानी ने चित्रकूट क्षेत्र के औषधीय पौधों पर आधारित अपने शोध पत्र का सुव्यवस्थित एवं तथ्यपरक वाचन प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायक मंडल ने सराहा। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर का आयोजन

**चित्रकूट।** भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर चित्रकूट में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को रुर्बन ऑडिटोरियम में आयोजित शिविर में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह के निर्देशन में 440 मरीजों को निःशुल्क औषधि वितरित की गई।

# लैब, ओपीडी और वार्डों की जांच अनिवार्य, औचक निरीक्षण को लेकर सीएमओ ने दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपर एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सा इकाइयों का नियमित औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश 21 दिसंबर को आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित विकास कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा बैठक में डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ प्रतिनिधियों से प्राप्त फीडबैक के क्रम में दिए गए हैं। जनपद में संचालित 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 145 उपकेंद्रों की निगरानी की जिम्मेदारी अपर एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सौंपी गई है। साथ ही सभी जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों को सप्ताह में कम से कम तीन दिन निरीक्षण अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ड्यूटी अनुशासन और मुख्यालय पर निवास की स्थिति की भी जांच की जाएगी। सीएमओ ने निर्देश दिए हैं कि ओपीडी, लैब जांच, जननी सुरक्षा योजना वार्ड, एनबीएसयू वार्ड, एक्सरे और पैथोलॉजी कक्ष में दी जा रही सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए। किसी भी कमी के पाए जाने पर संबंधित चिकित्सा अधीक्षक के साथ बैठकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। सर्दी के मौसम को देखते हुए अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, वार्डों में हीटर, कंबल तथा मरीजों के साथ आए तीमारदारों के ठहरने की व्यवस्था की भी जांच की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संज्ञान लेकर व्यवस्थाएं सुदृढ़ कराई जाएं, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# विधानसभा में मनरेगा, किसान, शिक्षक और सड़क मुद्दों पर विधायक अनिल प्रधान ने उठाए सवाल

- मनरेगा मजदूरी से किसान संकट तक
- किसानों व शिक्षकों की समस्याएं उठीं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विधानसभा के तृतीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार को चित्रकूट सदर विधायक अनिल प्रधान ने सदन में मनरेगा, किसान, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई अहम सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना करोड़ों परिवारों के जीवन का सहारा है, लेकिन मजदूरी की दर 252 रुपये प्रतिदिन और भुगतान में महीनों की देरी से श्रमिकों की हालत कमजोर होती जा रही है। केंद्र व राज्य के वित्तीय हिस्सेदारी में बदलाव के बाद उन्होंने आशंका जताई कि पहले से लंबित भुगतान और अधिक उलझ सकते हैं। साथ ही मनरेगा कर्मियों के मानदेय को अन्य राज्यों के मुकाबले बेहद कम बताते हुए इसे बढ़ाने और बकाया भुगतान शीघ्र करने की मांग रखी। विधायक ने मजदूरी बढ़ाकर 700 रुपये प्रतिदिन करने, भुगतान अगले माह के प्रथम सप्ताह में सुनिश्चित करने और किसानों को योजना से जोड़ने की स्पष्ट नियमावली की आवश्यकता भी उठाई। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए उन्होंने खाद वितरण, एमएसपी, फसल नुकसान, सिंचाई संकट और भूमि अधिग्रहण में मुआवजे को लेकर गंभीर सवाल रखे। उन्होंने कहा कि चकबंदी, अन्ना पशु और बिजली कटौती ने खेती को और कठिन बना दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने शिक्षक भर्तियों में देरी, पदोन्नति, आरक्षण विसंगतियों और अधिकारियों की कथित लापरवाही का मुद्दा उठाया। वहीं चित्रकूट की जर्जर सड़कों के चौड़ीकरण, पंचमुखी मडफा महादेव मंदिर में स्वीकृत कार्यों की अटकी प्रक्रिया, मुख्यमंत्री राहत कोष से समय पर सहायता न मिलने और भैसौंधा में हाईस्कूल निर्माण का बजट लौटने जैसे मामलों को भी सदन के समक्ष रखा। कुल मिलाकर, विधायक ने जिले से जुड़ी समस्याओं को एक साथ सदन में दर्ज कराने का प्रयास किया।


सदर विधायक अनिल प्रधान

### शिक्षक प्रशिक्षण से कृषि नवाचार तक, ग्रामोदय परिसर में दिखी बहुआयामी गतिविधियां

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक, प्रशिक्षण और भ्रमण गतिविधियों का समापन एवं आयोजन एक साथ देखने को मिला। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीएड तृतीय सेमेस्टर एवं बीएलएड सप्तम सेमेस्टर के छात्राध्यापकों का 20 सप्ताह का विद्यालय प्रशिक्षण कार्यक्रम चित्रकूट क्षेत्र के विद्यालयों में संपन्न होने के बाद समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंद लाल मिश्रा मुख्य अतिथि रहे, जबकि संयोजक डॉ श्याम सिंह गौर ने कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्राध्यापकों ने विद्यालयों में मिले अनुभव साझा किए। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद से आए किसानों ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय का भ्रमण कर कृषि फार्म और संकाय की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा उन्नत कृषि तकनीकों पर प्राध्यापकों से जानकारी प्राप्त की। वहीं पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा चित्रकूट के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर देखा और भारत रत्न नानाजी देशमुख के जीवन व कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# किसान सम्मान दिवस पर चित्रकूट में दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव, किसानों को किया गया सम्मानित

- 56 कृषक हुए पुरस्कृत
- किसानों ने साझा किए अनुभव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर किसान सम्मान दिवस एवं दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन ऑडिटोरियम हॉल कर्वी में किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल ने की। गोष्ठी में स्व चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किसान सम्मान दिवस तथा मिलेट्स महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में चौधरी चरण सिंह के किसान केंद्रित जीवन और नीतियों पर प्रकाश डालते हुए मिलेट्स खेती को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने भी किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद स्तर के 36 और विकासखंड स्तर के 20 कृषकों को सम्मानित किया गया। उप कृषि निदेशक ने विभागीय योजनाओं एवं मिलेट्स की उपयोगिता की जानकारी दी। प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए, जबकि मिलेट्स उद्यमी अरुण गुप्ता और श्रीअन्न उद्यमी सुबोध टंडन ने मिलेट्स से बने व्यंजनों और उनके लाभों पर चर्चा की। मेले में एफपीओ, उद्यमियों और रेस्टोरेंट्स द्वारा सांवा, रागी, बाजरा और ज्वार के उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री की गई। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।


प्रगतिशील किसान योगेश जैन को सम्मानित करते उप कृषि निदेशक

### श्याम कृपा को मिला पशुपालन का पहला पुरस्कार

चौधरी चरण सिंह किसान सम्मान समारोह में जिले के पशुपालन क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार श्याम कृपा को मिला। गौ माता की कृपा और सतत प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए योगेश जैन ने कहा कि यह पुरस्कार सभी गौ सेवकों और सहयोगियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने अन्य किसानों को उत्तम नस्ल के गोपालन में आगे आने और हर संभव मदद लेने का संदेश भी दिया। नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी से नैनो यूरिया और डीएपी पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई।

# जिले में स्कूल से छूटे बच्चों की वापसी की तैयारी, नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

- ब्लॉक में तीन दिवसीय कार्यशाला
- नोडल शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण

**मऊ/चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक की मंशा के अनुरूप आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जनपद के विकासखंड मऊ में ठोस पहल शुरू हुई है। इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अहिरी मऊ के सभागार में मंगलवार से तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अथवा इंचार्ज प्रधानाध्यापक नोडल शिक्षक के रूप में सहभागिता कर रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि शिक्षा से छूटे बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आएं, जिसके लिए शासन द्वारा शारदा पोर्टल (स्कूल हर दिन आए) संचालित किया जा रहा है। कार्यशाला में बताया गया कि जो बच्चे किसी कारणवश विद्यालय में नामांकित नहीं हो सके या नामांकन के बाद पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उन्हें पुनः आयु के अनुसार कक्षाओं में नामांकित कर उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से मुख्य कक्षा में समायोजित किया जाएगा। ब्लॉक मऊ के चारों विषयों के एआरपी के कुशल संचालन में यह प्रशिक्षण 26 दिसंबर तक चलेगा। एआरपी शारदेंदु शुक्ला ने हिंदी विषय में रोचक वीडियो व सरल विधियों से शिक्षण पर प्रकाश डाला, जबकि एआरपी राम नारायण पांडे ने विज्ञान को गतिविधियों व प्रयोगों के माध्यम से सहज बनाने के तरीके बताए। एआरपी धनेश सिंह ने गणित और डॉ अखिलेश मिश्र ने सामाजिक विज्ञान के महत्व पर जोर दिया। प्रशिक्षुओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए अनुभव साझा किए।



कार्यशाला में मौजूद शिक्षकगण


बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक शारदेंदू द्विवेदी

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर बालक बालिकाओं ने क्विज, नृत्य और रोल प्ले में दिखाई प्रतिभा

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ के बियावल संकुल स्थित कम्पोजिट विद्यालय बियावल में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रधानाध्यापक हनुमान सिंह एवं सेवानिवृत प्रधानाध्यापक राम नारायण सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया। बच्चों ने भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को याद करते हुए शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। कक्षा आठ में गोलू निषाद, कक्षा सात में अखिलेश निषाद और कक्षा छह में जितेंद्र कुमार ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने नृत्य, रोल प्ले और कविताओं के माध्यम से गणित के ज्ञान और जीवन में इसके महत्व को दशार्या। विशेष प्रस्तुति बेटी हिन्दुस्तान की और डिजिटल इंडिया पर बाल गीत प्रस्तुत कर एआरपी राम नारायण पांडे ने बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उपस्थित अभिभावकों तथा पूर्व छात्रों ने सहयोग कर इसे सफल बनाया। आयोजन का संचालन आलोक श्रीवास्तव ने किया।

# मतदाता सूची जारी होते ही जिला बार चुनाव में सरगर्मी, संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता तेज

- पाँच जनवरी का मतदान नजदीक
- महासचिव व कोषाध्यक्ष पद पर चर्चाएं

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद कचहरी परिसर में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। पाँच जनवरी को होने वाले मतदान से पहले संभावित प्रत्याशियों के बीच मतदाताओं को साधने की होड़ साफ दिखाई देने लगी है। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व महासचिव सुशील मिश्र के साथ ही सुरेश पटेल, देवमूरत वर्मा, शारदा यादव के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि नामों में घट-बढ़ की स्थिति बनी हुई है। महासचिव पद पर शिवशंकर उपाध्याय, विजय त्रिपाठी, मान सिंह, दीपक द्विवेदी और शशिकांत पांडेय संभावित दावेदार माने जा रहे हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए लवकुश गौतम, रणविजय पाल, सुरेन्द्र सिंह लम्बरदार और छोटेलाल के नाम चर्चा में हैं, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश चतुवेर्दी ह्यमिक्कीह्ण, आशीष तिवारी, कृष्णकुमार मिश्रा, कामता रैकवार, इन्द्रेश पाण्डेय और रामप्रकाश मिश्रा चुनाव लड़ सकते हैं। इसी क्रम में अधिवक्ता संघ सभागार में एक विचार बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र उपाध्याय ने किया। बैठक में एडवोकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने चुनाव को एक वार्षिक पर्व बताते हुए ऐसे प्रतिनिधि चुनने पर जोर दिया, जो अधिवक्ताओं के हितों और एकता के लिए सतत प्रयास करें। वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मिश्र ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर नेतृत्व चयन की बात कही। अन्य अधिवक्ताओं ने पार्किंग, फर्जी वेशधारी लोगों की जांच और पुस्तकालय के नियमित संचालन जैसे मुद्दे भी उठाए। बैठक में लगभग आधा सैकड़ा अधिवक्ताओं की उपस्थिति ने चुनावी माहौल को और स्पष्ट कर दिया।



बैठक में मौजूद अधिवक्तागण

# आतंकवादी फंडिंग का डर दिखाकर सेवानिवृत्त अभियंता से 41.49 लाख की साइबर ठगी

- फोन पर एटीएस/एनआईए का नाटक
- पहाड़ी में हाई प्रोफाइल साइबर फ्रॉड

**चित्रकूट।** जिले में साइबर ठगों ने कानून और आतंकवाद का डर दिखाकर विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता से 41.49 लाख रुपये की ठगी कर ली। पहाड़ी थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर गांव निवासी घनश्याम बाबू सिंह, जो वर्ष 2015 में सेवा निवृत्त हुए थे और 2023 से गांव में रह रहे थे, इस सुनियोजित साइबर जाल का शिकार बन गए। पीड़ित के अनुसार 9 दिसंबर 2025 को एक अज्ञात नंबर से फोन आया, कॉल करने वाले ने खुद को पुणे का कमिश्नर हेड कॉन्स्टेबल रणजीत कुमार बताया और दावा किया कि उनके आधार कार्ड से एचडीएफसी बैंक में खाता खोलकर आतंकी अफजल खान ने अवैध लेनदेन किया है। इसके बाद कथित एटीएस इंस्पेक्टर शिवकुमार पांडेय से बात कराई गई, जिसने एनआईए कोर्ट का हवाला देते हुए गिरफ्तारी का डर दिखाया। डिजिटल अरेस्ट का भय बनाकर उन्हें लगातार वीडियो और ऑडियो कॉल पर रखा गया, परिजनों से बात करने से रोका गया और संपत्ति व बैंक खातों की जानकारी ली गई। दबाव में आकर घनश्याम सिंह ने पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा से 40 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए, बाद में जांच के नाम पर 1.49 लाख रुपये और भेज दिए। जब बेटे ने खाते में रुपये न देखकर पूछताछ की, तब ठगी का खुलासा हुआ। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह के अनुसार मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# रामपुर में विकास की हकीकत उजागर, जलभराव में डूबा रास्ता और फिसलते भविष्य

**चित्रकूट।** रामनगर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में जलभराव की समस्या ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए रोजमर्रा की मुसीबत बन चुकी है। गांव की मुख्य सड़कों पर भरा पानी न केवल आवागमन बाधित कर रहा है, बल्कि विकास के सरकारी दावों पर भी सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर घर जल योजना का कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित रहा, जमीनी स्तर पर न तो निकासी की व्यवस्था की गई और न ही रास्तों को दुरुस्त किया गया, जिससे समस्या और गंभीर हो गई। स्कूल जाने वाले बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। ध्वस्त और फिसलन भरे रास्तों से होकर विद्यालय पहुंचना उनके लिए जोखिम भरा हो गया है। बच्चों का कहना है कि आए दिन वे फिसलकर गिर जाते हैं, कपड़े खराब हो जाते हैं और कई बार डर के कारण स्कूल जाना भी छोड़ना पड़ता है। ग्रामीण गुलाब सिंह ने बताया कि लगभग पांच वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन ग्राम विकास के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं निभाई गईं। ग्रामीणों का आरोप है कि रास्ते की समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और विकास खंड अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इससे यह आशंका और गहरी हो गई है कि जिम्मेदार स्तर पर लापरवाही और मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।



सड़क में भरा हुआ कीचड़ व गंदा जल

# आकांक्षी जनपद की रैंकिंग क्यों गिरी, नीति आयोग ने मांगा विभागीय विश्लेषण

**चित्रकूट।** 22 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग भारत सरकार के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी दीपक अग्रवाल ने की, जबकि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में जिले के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों और कमियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का फोकस केवल आंकड़ों तक सीमित न रहकर योजनाओं के वास्तविक असर और जमीनी परिणामों पर केंद्रित रहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि 24 उप-स्वास्थ्य केंद्रों में से 23 का निर्माण पूरा हो चुका है। नीति आयोग के प्रभारी ने स्पष्ट किया कि भवन निर्माण के साथ दवाइयों, टीकाकरण और नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है, ताकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके। आंगनबाड़ी केंद्रों के नवनिर्माण की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा गया कि ये केंद्र केवल पुष्टाहार तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनें। शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्ट क्लास, निपुण परीक्षा और डिजिटल लाइब्रेरी की स्थिति पर समीक्षा की गई। कंटेंट की गुणवत्ता, इंटरनेट की बाधाएं और ऑफलाइन विकल्पों पर विशेष जोर दिया गया। कृषि विभाग को दालों की उत्पादकता बढ़ाने और एफपीओ के माध्यम से किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। वहीं, स्वास्थ्य संकेतकों में आई गिरावट पर कारणों के विश्लेषण की आवश्यकता बताई गई। अंत में नीति आयोग के प्रभारी ने स्पष्ट किया कि योजनाओं में प्रगति तभी सार्थक मानी जाएगी, जब उसका प्रभाव आंकड़ों के साथ-साथ जनजीवन में भी दिखाई दे। जिलाधिकारी ने बैठक में मिले निर्देशों के अनुपालन का आश्वासन दिया।



# बीच समुंदर अमेरिका ने दिखाई दादागिरी, वेनेजुएला के तेल टैंकर को किया जब्त

**अमेरिका**

**अमेरिका** ने एक बार फिर ताकत के नक्शे में अंतरराष्ट्रीय कानून को रौंद दिया है। अमेरिका और वेनेजुला के बीच तनाव अब खतरनाक मोड़ पर आ चुका है। ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुला के खिलाफ सीधी सैन्य कारवाही जैसे कदम उठाते हुए एक और तेल टैंकर जब्त कर लिया है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने खुद इस कारवाही की पुष्टि की है। दरअसल उन्होंने बताया है कि 20 दिसंबर की सुबह तड़के अमेरिकी तट रक्षक बल ने रक्षा विभाग के साथ मिलकर वेनेजुला के तट के पास एक तेल टैंकर को रोक लिया और उसे अपने नियंत्रण में ले लिया। यह वही तेल टैंकर था जो पहले वेनेजुला में खड़ा हुआ था।



ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि इसे सही कारण से पकड़ा गया। उन्होंने टैंकर में मौजूद तेल के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इसे अमेरिका अपने पास रखेगा। वेनिज्वेला सरकार ने इसे 'अंतरराष्ट्रीय समुद्री डकैती' करार दिया और कहा कि अमेरिका की नजर हमेशा उनके प्राकृतिक संसाधनों पर रही है। यह घटना अमेरिका और वेनेजुएला के बीच जारी राजनीतिक तनाव को और बढ़ा सकती है। यानी साफ तौर पर समझ भी आ रहा है कि अमेरिका अब वेनेजुएला के तेल को खुलेआम निशाना बना रहा है। गौर करने वाली बात तो यह है कि 10 दिसंबर को भी अमेरिका का वेनेजुला टेल टैंकर को जब्त करना यह भी सामने आ रहा है। मतलब यह कोई एक्शन नहीं है बल्कि पूरी रणनीति है।

इस एक्शन पर वेनेजुला के माधुर सरकार बुरी तरह भड़क गई है।

सरकार ने अमेरिका पर सीधा आरोप लगाया है कि यह खुली लूट है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री डकैती है। वेनेजुला ने कहा है कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानून मुक्त व्यापार और समुद्री आवागमन की आजादी को कुचल रहा है।

इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने और भी खतरनाक बयान दे डाला है। दरअसल ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने वेनेजुला आने जाने वाले सभी प्रतिबंधक तेल टैंकरों की पूरी नाकाबंदी का आदेश दे दिया है।

# 'सागर बंधु' के बीच भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का दम, जयशंकर श्रीलंका जाएंगे

**श्रीलंका**

**विदेश** मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में 23 दिसंबर को श्रीलंका का दौरा करेंगे, जहां वे देश के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति को रेखांकित करता है और चक्रवात दित्वाह से हुई तबाही के बाद श्रीलंका की सहायता के लिए शुरू किए गए 'सागर बंधु अभियान' के तहत चल रहे राहत कार्यों के बीच हो रहा है। जयशंकर की मुलाकातों से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होने की उम्मीद है, क्योंकि भारत चक्रवात के प्रभाव से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए मानवीय सहायता का समन्वय और द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करना जारी रखे हुए है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति को रेखांकित करता है और



चक्रवात दित्वाह से हुई तबाही से निपटने के लिए शुरू किए गए 'सागर बंधु अभियान' के संदर्भ में हो रहा है। भारत ने चक्रवात दित्वाह के बाद राहत और सहायता प्रदान करके श्रीलंका को भरपूर समर्थन दिया है। इसी मानवीय सहायता के तहत, कैंडी स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' के अंतर्गत पिछले सप्ताह चक्रवात से प्रभावित 86 परिवारों को सूखा राशन वितरित किया।

एक्स पर एक पोस्ट में सहायक उच्चायोग ने कहा कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को भारत की निरंतर सहायता के अंतर्गत, सहायक उच्चायोग सारन्या वीएस ने माननीय सांसद किटनान सेल्वराज, सांसद अंबिका सैमुअल, स्थानीय अधिकारियों और एस्टेट प्रबंधन की उपस्थिति में बडुल्ला जिले के डिकवेला एस्टेट के चक्रवात दित्वाह से प्रभावित 86 परिवारों को सूखा राशन वितरित किया।

# एक-एक कर कौन बांग्लादेश के छात्र नेताओं को ठोक रहा है, हादी के बाद अब सिकंदर को सिर पर मारी गोली

**बांग्लादेश**

**छात्र** नेता उस्मान हादी की मौत के कुछ दिनों बाद, सोमवार को बांग्लादेश में एक अन्य नेता को गोली मार दी गई। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित की पहचान मोतालेब शिकदर के रूप में हुई है,

जिसे खुलना में हमलावरों ने सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। अखबार ने सोनाडांगा मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (जांच) अनिमेष मंडल के हवाले से बताया उपद्रवियों ने सुबह करीब 11:45 बजे उसके सिर पर निशाना साधकर गोली चलाई और उसे गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि मोतलेब खतरे से बाहर हैं और गोली उनके कान के एक तरफ से अंदर घुसी, त्वचा को भेदते हुए दूसरी तरफ से निकल गई। नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के नेता शिकदर, खुलना मंडल प्रमुख और एनसीपी श्रमिक शक्ति के केंद्रीय आयोजक हैं।

# पुतिन की हैसियत नहीं, अमेरिका ने उड़ाया मजाक, डीप स्टेट को भी लपेटा

**यूक्रेन**

**एक** तरफ तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पुतिन और जेलस्की को एक साथ लाकर युद्ध खत्म करवाना चाहते हैं। वहीं दूसरी तरफ उनके ही लोग रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन का मजाक उड़ा रहे हैं। दरअसल यूरोप यूक्रेन का समर्थन कर रहा है। तो पुतिन उन्हें डराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन अमेरिका यह कह रहा है कि रूस पहले यूक्रेन तो जीत नहीं पा रहा। यूरोप जीतने की दूर की बात। यह बयान किसी आम अमेरिकी नेता का नहीं बल्कि अमेरिका की सबसे ताकतवर खुफिया कुर्सी पर बैठी शख्सियत डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस तुलसी गबार्ड का है।

एक्स पर एक पोस्ट में गैबर्ड ने कहा कि सच तो यह है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का आकलन है कि रूस के पास यूक्रेन को जीतने और उस पर कब्जा करने की क्षमता भी नहीं है, यूरोप पर आक्रमण करने और उस पर कब्जा करने की तो बात ही छोड़ दें। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके विपरीत दावे युद्ध समर्थक नीतियों को सही ठहराने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। गबर्ड ने डीप स्टेट के युद्ध भड़काने वालों और उनके दुष्प्रचार माध्यमों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा यूक्रेन और यूरोप में शांति स्थापित करने के प्रयासों को विफल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये समूह झूठा दावा कर रहे हैं कि अमेरिकी खुफिया समुदाय यूरोपीय संघ




और नाटो के इस विचार का समर्थन करता है कि रूस का उद्देश्य यूरोप पर आक्रमण करके उस पर कब्जा करना है।

यानी कि गबार्ड की माने तो पुतिन की ताकत लोग जितनी बता रहे हैं उतनी है ही नहीं। रट्टर के मुताबिक अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों में लगातार चेतावनी दी जा रही है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन ने पूरे यूक्रेन पर कब्जा करने और यूरोप के उन हिस्सों को वापस पाने के अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा है जो पूर्व सोवियत साम्राज्य का हिस्सा था। सबसे हालिया रिपोर्ट सितंबर के अंत की है।

तुलसी गबड़ ने इस डर की राजनीति पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया युद्ध समर्थक नीतियों को सही ठहराने के लिए जानबूझकर डर फैलाया जा रहा है। डीप स्टेट और पश्चिमी मीडिया का एक वर्ग शांति की हर कोशिश को नाकाम करना चाहता है।

# कार के नीचे बम लगाकर धमाका, रूसी जनरल की फिल्मी स्टाइल में हत्या

**मॉस्को**

**मॉस्को** में एक कार बम विस्फोट में एक वरिष्ठ रूसी सैन्य अधिकारी की मौत हो गई। जांचकताओं ने पुष्टि की है कि विस्फोट वाहन के नीचे लगाए गए विस्फोटक उपकरण के कारण हुआ था, जैसा कि आरटी ने रिपोर्ट किया है। रूस की जांच समिति के अनुसार, विस्फोट दिन में पहले शहर के दक्षिणी हिस्से में हुआ, जिससे इलाके में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। शुरूआती मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था,



लेकिन बाद में अधिकारियों ने मृतक की पहचान लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवरोव के रूप में की, जो जनरल स्टाफ में ऑपरेशनल ट्रेनिंग के प्रमुख थे।

जांचकताओं ने बताया कि विस्फोटक उपकरण जानबूझकर कार के नीचे रखा गया था, जो एक लक्षित हमले का संकेत देता है। इस संदर्भ में रूसी अधिकारियों ने कहा कि जांच की एक संभावित दिशा यूक्रेनी खुफिया सेवाओं से जुड़ी हत्या हो सकती है, जैसा कि आरटी ने रिपोर्ट किया है। इस घटना ने रूस के भीतर पहले हुए लक्षित हमलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। यूक्रेनी अधिकारियों पर पहले भी अधिकारियों और सार्वजनिक हस्तियों की हत्या के लिए विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है।

# अब बलूचों ने मुनीर की सेना को पीटा, एक धमाके में उड़ाए 13 सैनिक

**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** पोस्ट (टीबीपी) की रिपोर्ट के अनुसार, बलूच मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार को घोषणा की कि उसके लड़ाकों ने बलूचिस्तान के क्वेटा, कच्छी और केच जिलों में तीन अलग-अलग हमलों में पाकिस्तानी सेना के 13 सैनिकों को मार गिराया। बीएलए के प्रवक्ता जियांद बलूच ने कहा कि उनके लड़ाकों ने शुक्रवार को क्वेटा के बाहरी इलाके दघारी क्षेत्र में रिमोट-कंट्रोल्ड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हमला किया। उन्होंने बताया कि विस्फोटक का निशाना वे सैन्यकर्मी



थे जो रेलवे ट्रैक साफ करने के बाद इकट्ठा हुए थे, जिसके परिणामस्वरूप चार सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

शेरदिल स्टॉप के पास, दघारी क्रॉस के नजदीक एक विस्फोट हुआ, जिससे रेलवे ट्रैक साफ करने में लगी एक टीम प्रभावित हुई। शुरूआती रिपोर्टों में बताया गया कि विस्फोट में कई कर्मियों की मौत हुई या वे घायल हुए। बीएलए के अनुसार, उसी शाम कच्छी जिले के धादर के कलामुद्दीन क्षेत्र में एक दूसरा हमला हुआ। बयान में दावा किया गया कि बीएलए लड़ाकों ने सैनिकों पर हमला करने के लिए स्वचालित हथियारों और रॉकेटों का इस्तेमाल किया, जब वे अपनी चौकियों से निकल रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप दुश्मन सेना में हताहत हुए।

शुक्रवार देर रात तीसरा हमला हुआ जब बलूचिस्तान मुक्ति मोर्चा (बीएलए) के लड़ाकों ने केच जिले के कुलाग इलाके में स्थित सामी में पाकिस्तानी सेना की एक चौकी को निशाना बनाया। समूह ने कई रॉकेट और स्वचालित हथियारों के इस्तेमाल की सूचना दी, जिससे दो पाकिस्तानी सैनिक शहीद हो गए और अन्य को भी हताहतों और संपत्ति का नुकसान हुआ। इस बीच, बलूचिस्तान मुक्ति मोर्चा (बीएलएफ) ने 18 से 20 दिसंबर के बीच नुश्की, तुंप और दश्त में हुए चार अलग-अलग हमलों की जिम्मेदारी ली।

बीएलएफ के प्रवक्ता मेजर ग्वाहरम बलूच ने बताया कि उनके लड़ाकों ने 18 दिसंबर को नुश्की के जरीन जंगल क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना के एक वाहन को आईईडी से निशाना बनाया, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए।

# भारत पर हमले के लिए तुर्की ने पाकिस्तान भेजा PNS Khaibar? अब होगी तबाही!

**तुकी**

**तुर्की** अपना एमआईएल जीईएमपीएनएस खेबर युद्ध पोत अचानक पाकिस्तान को सौंप रहा है। भारत ने तुर्की की उसकी सबसे खराब समय में मदद की और आज की तारीख में वही देश भारत के खिलाफ मैदान में उतर आया है और लगातार भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहा है और पाकिस्तान को हथियारों की मदद कर रहा है जिससे वह भारत



के साथ जंग लड़ सके और भारत को बर्बाद कर सके। दरअसल तुर्की ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ हाथ मिला लिया है भारत को टारगेट करने के लिए। हाल ही के दिनों में दिल्ली ब्लास्ट में भी तुर्की का नाम सामने आया था। मगर अब खबरें सामने आई हैं कि तुर्की ने पाकिस्तान के वर्षों पुराने सपने को पूरा कर दिया है।

रिपोर्ट्स में कहा गया कि पीएन एमआईएलजीईएम प्रोजेक्ट के तहत तुर्की में पाकिस्तानी नौसेना के लिए बने युद्धपोथ के सफलतापूर्वक लाइव फायर टेस्ट पूरे कर लिए गए हैं। दावा किया गया है कि इस लाइव फायरिंग टेस्ट में उच्च स्तर की तकनीकी क्षमता, सिस्टम इंटीग्रेशन, ऑपरेशनल विश्वसनीयता पर प्रदर्शन हुआ है। एजेंसी ने बताया कि इस यूथपोथ को पाकिस्तान के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है।

# भारतीय सेना को AI आधारित समाधान देगा NSUT, MoU हुआ साइन

**अमेरिका**

**भारतीय** सेना ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) के साथ सेना के लिए सॉफ्टवेयर और एआई-आधारित समाधानों के विकास में सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय के अनुसार, एनएसयूटी के छात्र और संकाय भारतीय सेना द्वारा संचालित वास्तविक समस्या-समाधान परियोजनाओं में भाग लेंगे। एनएसयूटी संकाय विकास कार्यक्रमों (एफडीपी) और भारतीय सेना के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी सहायता प्रदान करेगा।

एडीजीपीआई ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भारतीय सेना ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) के साथ भारतीय सेना के लिए सॉफ्टवेयर और एआई-आधारित समाधानों के विकास में सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत, एनएसयूटी



के छात्र और संकाय भारतीय सेना की वास्तविक समस्या-समाधान परियोजनाओं में भाग लेंगे और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। एनएसयूटी संकाय विकास कार्यक्रमों (एफडीपी) और भारतीय सेना के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी सहायता करेगा, जिससे स्वदेशी नवाचार-संचालित रक्षा तैयारियों को मजबूती मिलेगी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# मोदी ने घुमाया एक फोन, पक्की हुई 20 अरब डॉलर की डील, 5 Eyes के सदस्य देश संग इस समझौते से क्या हासिल होगा?

**न्यूजीलैंड**

**साल** 2025 खत्म होने से पहले ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़ा एक और बड़ा ऐलान कर दिया है। यह ऐलान है भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता यानी एफडीए की घोषणा। दरअसल खबर आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई जिसमें दोनों ही नेताओं ने भारत न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जताई और इसकी ऐतिहासिक घोषणा की। यह एफडीए दोनों ही देशों के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और साझा अवसरों को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाएगा।

इसके अलावा दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में रक्षा, खेल, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क यानी पीपल टू पीपल टाई सहित द्विपक्षीय सहयोग के अन्य क्षेत्रों पर हुई प्रगति का भी स्वागत किया।

9 महीनों में डील डन

भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रधानमंत्री की मार्च 2025 में भारत यात्रा के दौरान शुरू हुई इन वाताओं का केवल 9 महीनों में ही पूरा हो जाना यह दिखाता है कि दोनों देशों के बीच कितने अच्छे संबंध है। साथ ही दोनों देशों के बीच साझा महत्वाकांक्षाएं और मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति को भी दशार्ता है। यह एफडीए द्विपक्षी आर्थिक सहयोग को मजबूत करेगा। बाजार तक



पहुंच बढ़ाएगा। निवेश प्रवाह को प्रोत्साहित करेगा। रणनीतिक सहयोग को और मजबूत बनाएगा और दोनों ही देशों के नव प्रवर्तकों, उद्यमियों, किसानों, एमएसएमईस, छात्रों और युवाओं के लिए नए-नए तरह के सेक्टर्स में नए-नए अवसर खोलेगा।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार के मौजूदा आंकड़े क्या?

वित्त वर्ष 2020 में दोनों देशों के बीच 1.67 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। हालांकि, कोरोना महामारी के प्रभाव के चलते अगले दो वित्त वर्ष 2021, 2022 में दोनों देशों का व्यापार कम हुआ। भारत-न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार ने 2023 में फिर रफ्तार पकड़ी। 2024 में यह आंकड़ा पहली बार दो अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। जून 2025 में समाप्त हुए वर्ष में भारत-न्यूजीलैंड के बीच वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग डेढ़ गुना से ज्यादा होते हुए 3.68 अरब डॉलर पहुंच गया था। इसके बावजूद भारत अब तक न्यूजीलैंड के लिए 12वां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है।

भारत को न्यूजीलैंड से किस तरह के फायदे हासिल होंगे?

समझौते के तहत न्यूजीलैंड को कीवी फल, शराब, कुछ समुद्री खाद्य पदार्थ, चेरी, एवोकाडो, पर्सिमन, शिशु फॉमूर्ला, मनुका शहद और दूध एल्ब्यूमिन जैसी कई अन्य वस्तुओं पर शुल्क छूट भी मिलेगी। घरेलू किसानों और सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की सुरक्षा के लिए भारत राजनीतिक रूप से संवेदनशील दुग्ध क्षेत्र जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही तथा पनीर में कोई शुल्क छूट नहीं देगा।